सूर्योदय 06:14 AM सूर्यास्त 05:26 PM
अधिकतम 33 Degree न्यूनतम 23 Degree
सोना 81, 075 Rs.
चांदी 91, 500 Rs.

www.swatantrabaat.com
हिन्दी दैनिक
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र बात

R.N.I. No. UPHIN/2010/36179 लखनऊ संस्करण जन जन की आवाज स्वतंत्र बात

डाक पंजीयन संख्या LW/NP-142/2022-2024

खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें:- मो0 7007147353
Swatantrabaat@gmail.com

वर्ष. 15 अंक. 325 लखनऊ, बुधवार, 6 नवम्बर 2024 Swatantrabaat@gmail.com पृष्ठ. 8 मूल्य 2:00 रुपये

पृष्ठ 4 भगवान सूर्य के प्रति आस्था और श्रद्धा... पृष्ठ 5 राजनीति के शिकार में फंसा व्यवसायी ... पृष्ठ 8 आईसीएआर-एनबीएफजीआर में सतर्कता...

# उत्तर प्रदेश मदरसा की वैधता बरकरार

## 17 लाख मदरसा स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे

### ❑ हर निजी संपत्ति भौतिक संसाधन नहीं, 45 साल पहले दिया अपना ही फैसला पलटा



(एजेंसी)

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट की वैधता बरकरार रखी है। यानी उत्तर प्रदेश में मदरसे चलते रहेंगे और 16000 मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश सुनाते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का वह फैसला खारिज कर दिया, जिसमें मदरसा एक्ट को असंवैधानिक बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूपी मदरसा एक्ट के सभी प्रावधान मूल अधिकार या संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का उल्लंघन नहीं करते हैं हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट के उस प्रावधान पर रोक लगा दी, जिसमें मरदसों को पीजी और रिसर्च का सिलेबस तय करने का अधिकार था। यानी अब मदरसा बोर्ड हायर एजुकेशन का सिलेबस और किताबें तय नहीं कर पाएंगे। 5 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार देने वाले फैसले पर रोक लगा दी थी। केंद्र और यूपी सरकार से इस पर जवाब भी मांगा था। इस मामले में 22 अक्टूबर 2024 को चीफजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई हुई थी। चीफजस्टिस ने कहा था धर्मनिरपेक्षता का मतलब है- जियो और जीने दो। 2004 में मुलायम सरकार ने मदरसा एक्ट 2004 लागू किया। इसके खिलाफ पहली बार 2012 में याचिका दायर हुई। ये याचिका दारुल उलूम वासिया मदरसा के मैनेजर सिराजुल हक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में दाखिल की थी।

फिर 2014 में माइनॉरिटी वेलफेयर लखनऊ के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज, 2019 में लखनऊ के मोहम्मद जावेद ने याचिका दायर की थी। इसके बाद 2020 में रैजुल मुस्तफा ने दो याचिकाएं दाखिल की थीं। 2023 में अंशुमान सिंह राठौर ने याचिका दायर की। सभी मामलों का नेचर एक था। क्या सरकार आम लोगों की भलाई के लिए निजी संपत्तियों का संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत अधिग्रहण कर सकती है?

## सरकारें सभी प्राइवेट प्रॉपर्टी पर कब्जा नहीं कर सकतीं : सुप्रीम कोर्ट

इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को 1978 (45 साल पहले) में दिया गया अपना ही फैसला पलट दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 9 जजों की बेंच ने 7.2 के बहुमत से फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। कुछ खास संसाधनों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल आम लोगों के हित में कर सकती है। बेंच ने 1978 में दिए जस्टिस कृष्ण अय्यर के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था, सभी निजी संपत्तियों पर राज्य सरकारें कब्जा कर सकती हैं। सीजेआई बोले पुराना फैसला विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि राज्य सरकारें उन संसाधनों पर दावा कर सकती हैं जो भौतिक हैं और सार्वजनिक भलाई के लिए समुदाय द्वारा रखे जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में संजय कुमार वर्मा बने नए डीजीपी, रश्मि शुक्ला का स्थान लिया

(एजेंसी) मुंबई । भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी संजय कुमार वर्मा को मंगलवार को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विधि एवं प्रौद्योगिकी महानिदेशक के तौर पर सेवा दे रहे 1990 बैच के अधिकारी वर्मा रश्मि शुक्ला का स्थान लेंगे। प्रमुख विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य पुलिस प्रमुख के पद से शुक्ला को हटाने का निर्देश दिया था। अधिकारी ने बताया कि वर्मा को अप्रैल 2028 में सेवानिवृत्त होना है। पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला करने का निर्देश देने के निर्वाचन आयोग के फैसले का स्वागत किया था।

### उद्धव ठाकरे ने 5 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला, चेतावनी के बावजूद नामांकन वापस नहीं लिया था

(एजेंसी) मुंबई । महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को पांच बागी नेताओं को शिवसेना( उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) पार्टी से बाहर कर दिया है। पांचों नेता टिकट ने मिलने पर अपनी ही पार्टी और गठबंधन दल के उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव में खड़े हुए है। पार्टी ने उन्हें पहले भी चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिया तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इन नेताओं में भिवंडी के पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे समेत विश्वास नांदेकर, चंद्रकांत घुगुल, संजय अवारी और प्रसाद ठाकरे शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री योगी को एक मुस्लिम युवक के द्वारा जान से मारने की दी गई धमकी

(संवाददाता) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक मुस्लिम युवक के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की पहचान रियाजुल हक अंसारी के रूप में हुई है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उसने 'सैफअंसारी' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से कमेंट किया था। उसका कमेंट वायरल होने के बाद अब 'वायस ऑफहिंदूज' नाम की संस्था ने गोरखपुर पुलिस को एक्स पर धमकी भरा स्क्रीनशॉट भेजकर शिकायत की। बताया जा रहा है कि मुख्मंत्री को बीते 48 घंटे में दूसरी बार धमकी मिली है। इससे पहले, एक महिला फातिमा खान ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज भेजकर कहा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे।

## झारखंड के हजारीबाग में दहाड़े योगी

## यूपी की तरह झारखंड में भी माफिया को खत्म करने के लिए भाजपा को सत्ता में लाएं : योगी

### लोगों को एकजुट रहने की अपील, कहा, ये समय बंटने का नहीं



(एजेंसी)

हजारीबाग। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यानी मंगलवार को झारखंड में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करने के लिए पहुंचे। इस दौरान हजारीबाग में एक रैली के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि एक रहिए, नेक रहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराएं। ये समय बंटने का नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने कहा हमें जातियों में नहीं बंटना है, जब भी बटे हैं तो कटे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपनी ताकत का एहसास कराइए। विपक्ष और कांग्रेस लोगों को बांटने का काम करती हैं। एक रहिए, नेक रहिए, ये समय बंटने का नहीं। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से कहा कि धर्म के नाम पर बाँटने वालों से सावधान हो जाएं। वो आपको बांट देंगे लेकिन जब जरुरत पड़ेगी तब आपको अकेला छोड़ देंगे। इसके अलावा उन्होंने यूपी का उदाहरण देकर अपराधियों को भी बीजेपी का शासन होने पर सावधान रहने की चेतावनी दे डाली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं तो अयोध्या, प्रभु राम की पावन धरा से आपके बीच में आया हूं। जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाएगा आज वे देख रहे हैं। यही राजद, जेएमएम और कांग्रेस के लोग थे जो राम मंदिर के निर्माण के मार्ग में बाधक थे। आदित्यनाथ ने कहा कि जैसे ही देश की जनता ने निर्णय देते हुए दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता पीएम मोदी को देश की कमान सौंपी... मात्र 2 वर्षों में 100 वर्षों की समस्या का समाधान हो गया है।

ये पत्थरबाज पहले भी थे और 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में भी थे। उनके आका उत्तर प्रदेश को लूटते थे। उसके बदले उन पत्थरबाजों को पाल-पोसकर पर्व और त्यौहारों में विघ्न डाले जाते थे। आज जितने माफिया-गुंडे उत्तर प्रदेश के थे वे या तो उत्तर प्रदेश छोड़ चुके हैं या फिर जहन्नुम की यात्रा पर जा चुके हैं।

## अल्मोड़ा में बस हादसे के बाद धामी जारी किए निर्देश

## सीएम धामी ने राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को सादगी से मनाने का लिया निर्णय

### ❑ सीएम ने 8 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम किए निरस्त, सेवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की



एजेंसी, देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय सोमवार को अल्मोड़ा के मर्चुला में हुई दर्दनाक बस दुर्घटना के बाद लिया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पर्वतीय क्षेत्रों में बसों की अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए और सुरक्षा के लिए सड़कों पर क्रैश बैरियर लगाने की दिशा में तत्काल कार्रवाई की बात कही। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हादसे में अपने माता-पिता को खोने वाली शिवानी की देखभाल और शिक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार द्वारा लेने की घोषणा की। सीएम धामी ने सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक के दौरान कहा कि राज्य स्थापना दिवस के सभी कार्यक्रम इस बार सादगी से मनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में मर्चुला में हुई बस दुर्घटना ने पूरे राज्य को गहरे शोक में डुबो दिया है और इसी कारण इस बार राज्य स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जाएगा। 8 नवम्बर को प्रस्तावित सभी बड़े समारोहों और शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान भी सांस्कृतिक गतिविधियां नहीं होंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस अवसर पर प्रदेशभर में सेवा और स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मर्चुला बस दुर्घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पर्वतीय क्षेत्रों में यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों से यह आंकलन करने को कहा कि किन-किन क्षेत्रों में अतिरिक्त बसों की आवश्यकता है।

## छठ पर्व पर गिरिराज सिंह का बड़ा बयान

### हिंदू दुकानदार से ही लें पूजा का समान, थूक जिहाद वालों से नहीं



(एजेंसी)

पटना। बिहार में सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ आज से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इसी बीच छठ पूजा सामग्री की खरीद को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा बयान सामने आया है।

उन्होंने हिंदूओं से अपील करते हुए कहा कि का छठ पवित्रता का पर्व है, इसलिए पूजा का सामान थूक जिहाद वालों से नहीं हिंदू दुकानदार से ही लें। छठ पर्व पर गिरिराज सिंह ने एक समाचार एजेंसी से कहा, कई सालों से हम बेगूसराय में छठ पूजा के दौरान हिंदू समुदाय के लिए बाजार लगाते आ रहे हैं। यह त्योहार अनुशासन का त्योहार है।

इस मामले में हम दूसरे धर्म के लोगों पर भरोसा नहीं कर सकते क्योंकि वे पूजा सामग्री में थूक सकते हैं या मिलावट कर सकते हैं। मैं छठ पूजा करने वाले सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे पूजा सामग्री उन्हीं लोगों से खरीदें जो इस त्योहार का सम्मान करते हों। बता दें कि लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हो गई है।

छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने अंतरूकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। यह त्योहार बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मनाया जाता है।

## बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड के लिए खतरा

### शिवराज बोले-उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकना भाजपा का संकल्प

(एजेंसी)

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये का मुद्दा भाजपा की ओर से खूब उठाया जा रहा है। भाजपा इसको लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साध रही है। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बार फिर से इस मामले को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर सीधा वार किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिये राज्य में प्रवेश कर रहे हैं। वे न सिर्फयहां आ रहे हैं बल्कि राज्य के लिए खतरा भी बन रहे हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह झामुमो-कांग्रेस सरकार आधार कार्ड और राशन कार्ड बनाती है और उन्हें वोटिंग सूची में जोड़ती है। कुछ मामलों में, वे हमारी आदिवासी बेटियों से शादी करते हैं और उनके नाम पर जमीन खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिये हमारी आदिवासी बेटियों और झारखंड के लिए खतरा बन रहे हैं। संथाल में आदिवासियों की आबादी 44: से घटकर 28: रह गयी है। यह खतरा झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के कारण पैदा हुआ है। इन घुसपैठियों को जड़ से उखाड़ फेंकना भाजपा का संकल्प है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता श्रोटी, बेटी और माटी को बचाने के लिए कृतसंकल्पित है। आदिवासियों की आबादी घटकर मात्र 28 फीसदी रह गयी है। झारखंड में बदलाव का माहौल है। झारखंड में एनडीए-बीजेपी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हम रोटी, बेटी और माटी की रक्षा के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। हम झारखंड की जनता के उत्थान और गरीबों के कल्याण के सपने को सच करने लड़ रहे है। इस लड़ाई में, इस संघर्ष में पूरा झारखंड हमारे साथ है। शिवराज ने कहा कि हेमंत जी बौखला गए हैं। उनके पापों का घड़ा भर चुका है, झारखंड की जनता उन्हें कुर्सी से उतारने का फैसला ले चुकी है। जनता भाजपा को जिताएगी और भ्रष्ट तथा बेईमान सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि हम झारखंड के जल, जमीन और जंगल को लूटने नहीं देंगे। जनजातीय भाई-बहनों के अधिकारों को छीनने नहीं देंगे।




## दिल्ली में छठ पूजा के लिए 1000 से अधिक घाट तैयार

### सीएम आतिशी बोलीं- 7 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

(एजेंसी)

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली की आप सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि पूर्वांचल के लोगों को छठ पूजा मनाने के लिए शहर छोड़कर न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि दिल्ली सरकार ने छठ पर्व के लिए 7 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्रमुख घाटों पर पानी, शौचालय, डॉक्टर और एम्बुलेंस सहित सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि पूर्वांचलवासी इस अवसर का जश्न मना सकें। छठ पूजा के पहले दिन एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने लोगों के लिए त्योहार मनाने के लिए 1,000 से अधिक घाट तैयार किए हैं। पिछले 10 वर्षों से जब से आप दिल्ली में सत्ता में है, उसने यह सुनिश्चित किया है कि पूर्वांचल के लोगों को छठ मनाने के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े। आतिशी ने कहा, आप सरकार से पहले केवल 60 छठ घाट हुआ करते थे और आज लोगों के लिए त्योहार मनाने के लिए 1,000 से अधिक घाट तैयार किए जा रहे हैं। छठ पूजा सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित है और इसे चार दिनों की कठोर दिनचर्या के साथ मनाया जाता है।

पहला दिन, जिसे नहाय-खाय के रूप में जाना जाता है, एक शुद्धिकरण अनुष्ठान है जिसमें भक्त स्नान करते हैं, नए कपड़े पहनते हैं, और चना दाल और कद्दू भात जैसे प्रसाद तैयार करते हैं। हालांकि, मंगलवार को छठ पूजा के पहले दिन कई भक्तों ने यमुना नदी में स्नान किया, जबकि नदी की सतह पर जहरीले झाग की मोटी परतें जमी हुई थीं।

छठ पूजा दिल्ली के पूर्वांचली समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसमें उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के भोजपुरी भाषी निवासी शामिल हैं। यह समुदाय दिल्ली में मतदाताओं के 30-40 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## झारखंड चुनाव के लिए महागठबंधन ने जारी किया अपना घोषणापत्र, 7 गारंटियों का ऐलान

एजेंसी

रांची। चुनावी राज्य झारखंड में मतदान से कुछ दिन पहले, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस, राजद और सीपीआई-एम के गठबंधन ने मंगलवार को एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया। संयुक्त घोषणा पत्र जारी करने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सीएम हेमंत सोरेन मौजूद रहे। सोरेन ने कहा कि महागठबंधन के सभी नेता राज्य में सरकार बनने के बाद जिन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाएंगे, उनके बारे में 7 गारंटी जारी करने के लिए आज यहां एकत्र हुए। सोरेन ने यह भी कहा कि चुनाव में मतदाताओं को यह बताना जरूरी है कि उन्हें किसी पार्टी के पक्ष में वोट क्यों देना चाहिए। चुनाव के बाद आने वाली सरकार में हम क्या आगे बढ़ाएंगे, इसके बारे में हमने आपको 7 गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का कार्यकाल अभी एक महीना और होना था, लेकिन जाने कौन सी विकट परिस्थिति आ गई कि चुनाव एक महीना पहले ही करवाए जा रहे हैं। आज चुनाव आयोग के आदेशानुसार 2 चरणों में चुनाव हो रहे हैं, जो पहले 5 चरणों में हुआ करते थे। वर्तमान सरकार में हम हर संभव प्रयास कर उन लोगों तक पहुंचे हैं, जहां आवाजें, लोग और उपलब्धियां नहीं पहुंचती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने गारंटी की घोषणा की जिसे पूरा किया जा सकता है। जब भी हम गारंटी की बात करते हैं तो मोदी साहब उस पर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि कल वे झारखंड में थे, भाषण के दौरान उन्होंने मेरे हवाले से कहा कि कांग्रेस द्वारा दी गयी गारंटी पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

# 88 करोड़ से 35 परियोजनाओं का काम पूरा, किया जा रहा ट्रायल

संवाददाता

अंबेडकर नगर। जनपद की 35 ग्राम पंचायतों के लगभग 90 राजस्व गांव की डेढ़ लाख से अधिक की आबादी को जल्द ही शुद्ध पेयजल पाइपलाइन से मिलना शुरू हो जाएगा। 88 करोड़ की लागत से 35 परियोजना का कार्य पूरा कर बीते दिनों ही ट्रायल शुरू कर दिया गया है। इसका सीधा लाभ आने वाले दिनों में नजदीकी क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।जिले के 899 ग्राम पंचायतों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 571 परियोजना पर काम शुरू हुआ। इसमें 509 परियोजना पर विंध्या टेली लिंक और 62 पर वेल स्पेन के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। अब जो रिपोर्ट सामने आई है उसके अनुसार अक्तूबर माह समाप्त होने तक विंध्या टेलीलिंक ने 88 करोड़ की लागत की 35 परियोजनाओं का काम पूरा किया है। इससे लगभग 90 राजस्व गांव के डेढ़ लाख से अधिक आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना प्रबंधक सतेंद्र तिवारी ने बताया कि



सभी 35 स्थानों पर पानी टंकी से ट्रायल का काम चल रहा है। जल्द ही पानी की सुचारु आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। बताया कि अब तक कुल 102 परियोजना का कार्य पूरा कर लिया गया है।इनका शुरू हुआ संचालन कार्यदायी संस्था विंध्या टेली लिंक के कर्मियों के अनुसार सोनगांव, फाजिलपुर , प्रतापीपुर, आमा, माधवपुर, बरामदपुर जरियारी, सुरजूपुर, मरथुआ सरैया, चतुरीपट्टी, मदारभरी, अढनपुर, बसोहरी, मिझौड़ा, बाला पैकौली, नगहरा, शेखपुर मलपुरा, अक्थरा नरायनपुर, जल्लापुर, सतरही, सिसानी अखईपुर, चांदपुर भटपुरा, रामनगर नरसिंह पुर, करतोरा, हसनपुर सुन्थर, फूलपुर, सलारपुर, नशरूलाहपुर, ताजपुर, कटोखर सहित 35 परियोजनाओं पर अक्तूबर माह में काम पूरा हो गया है।विंध्या टेलीलिंक ने अक्तूबर माह में 35 परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य था। कार्यदायी संस्था ने पूरा करने की जानकारी दी है, जिसका सर्वे कराया जा रहा है। इसके पूरा होने से लगभग डेढ़ लाख की आबादी को शुद्ध पेयजल मिलेगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता

अंबेडकर नगर। विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के अंतर्गत 277-कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का भौतिक अवलोकन किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा कटेहरी के विकासखंड टांडा क्षेत्रातर्गत स्थित विभिन्न मतदेय स्थलों यथादृउच्च प्राथमिक विद्यालय भारीडीहा, प्राथमिक विद्यालय डॉडी महमूदपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय केशवपुर, प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी बूथों के कक्ष में प्रयाप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ व अन्य संबंधित



अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, बिजली-पानी, साफ्दृसफाई, रैंप, छाया आदि सहित निर्वाचन संबंधित आधारभूत सुविधाओं में प्राप्त कमियों तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों का पुनः भ्रमण कर माननीय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त आधारभूत सुविधाओं को समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। इस अवसर पर ग्रामीणों को सी विजिल ऐप की भी जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय डांडी महमूदपुर में कक्षा में उपस्थित बच्चों से उनके पठन-पाठन का जायजा लिया गया। उन्होंने बच्चों से 19 का पहाड़ा सुना, बच्चों द्वारा सकारात्मक उत्तर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत में चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना से मा. निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने और निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची को भी पढ़ा गया। उन्होंने उपस्थित मतदाताओंध्जनसामान्य से अपील की सभी मतदाता स्वयं भी मतदान करें और अन्य मतदाताओं को भी अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला,अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, उप जिलाधिकारी टांडा शशि शेखर, क्षेत्राधिकारी टांडा, खंड विकास अधिकारी टांडा मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में टेलीफोन एवं वायरलेस की सुविधा से युक्त निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत है। कॉल सेंटर द्वारा मतदाताओं से वार्तालाप की व्यवस्था की जाएगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा जल्द लगेगी-प्रवीण अग्रवाल

## कलम पूजन के साथ श्री चित्रगुप्त धाम पर जयंती धूमधाम से मनाई गई

संवाददाता

सुलतानपुर। यमद्वितीया/कलम पूजन के शुभ अवसर पर सीताकुंड घाट स्थित आदि गंगा माँ गोमती नदी के पावन तट पर स्थित श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर में कायस्थ समाज द्वारा कलम दवात पूजन के साथ श्री चित्रगुप्त भगवान की जयंती धूमधाम से मनाई गई।प्रत्येक वर्ष दीपावली के बाद यम द्वितीया के दिन श्री चित्रगुप्त भगवान जी की पूजा की जाती है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंदिर के संस्थापक बाबा श्री गोपालदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम में श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा,पूजा अर्चना के साथ चित्रांश बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से हवन किया गया।जिसमें कायस्थ बंधु सप्तनीक व अपने परिवार के साथ शामिल हुए।श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा के मुख्य



यजमान के रूप में श्री जतिन सिन्हा और उनकी पत्नी अंकिता सिन्हा ने कथा,पूजा के साथ हवन किया। कायस्थ बंधुओं द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सर्व धर्म समभाव की एक मिशाल पेश करता है। हवन पूजन और चित्रगुप्त भगवान की महाआरती के बाद कायस्थ समाज के बच्चों द्वारा राजवीर श्रीवास्तव के संचालन में देवांशी श्रीवास्तव द्वारा गणेश वंदना,जिज्ञासा श्रीवास्तव,भूमि श्रीवास्तव,इशिका श्रीवास्तव,अवनी श्रीवास्तव,पावनी श्रीवास्तव द्वारा गणेश अथर्वशीर्ष की प्रस्तुति की गई और इसके साथ अन्य बच्चों ने भी रंगा रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने उपस्थित समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिनों से मांग चल रही थी भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा लगाने की वह जल्दी पूरी हो जाएगी शास्त्री नगर में जगह चिन्हित कर ली गई है काम भी चल रहा है बहुत जल्द इसकी सूचना नगर पालिका परिषद द्वारा दी जाएगी कलम पूजन व श्री चित्रगुप्त की जयंती के कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ,गोमती मित्र मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता श्री रुद्र प्रताप सिंह ष्मदनष् ,अंकुरण फाउंडेशन के अभिषेक सिंह , आदित्य अग्रहरि ,वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ,वरिष्ठ समाजसेवी सरदार बलदेव सिंह ,सभासद रमेश सिंह टिन्नू ,सभासद अरुण तिवारी,भगवानपुर ग्राम प्रधान अनंतराम चौरसिया, कुड़वार ग्राम प्रधान अमित सिंह,वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रमाशंकर मिश्रा , समाजसेवी नीरव पाण्डेय, श्री खाटू श्याम मंडल के प्रवीण भालोटिया, भारत विकास परिषद कुशभवनपुर शाखा के प्रवीण अग्रवाल पिंटू, आलोक कनोडिया समेत अन्य जिले के गणमान्यों के साथ सभी वर्गों के सम्मानित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर से जुड़े कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जीतेन्द्र श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण और मंदिर से जुड़ी भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा एडवोकेट सुधांशु श्रीवास्तव के सानिध्य में संदीप कुमार श्रीवास्तव ने समस्त जन के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर चित्रगुप्त धाम के वरिष्ठ सदस्य शशि सिन्हा द्वारा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में प्रदीप श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, राजू खरे, दिनकर श्रीवास्तव,नितिन श्रीवास्तव,विकास श्रीवास्तव ,डाक्टर आशुतोष, मुकुल श्रीवास्तव, कौशलेंद्र , संजय, संतोष खरे, मनोज, गगन आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# 88 केंद्रों पर शुरू होगी धान की खरीद

संवाददाता

अंबेडकरनगर। सरकारी क्रय केंद्र पर धान की बिक्री करने वाले किसानों के लिए खुशखबरी है। इस बार बिक्री के समय देने वाली 20 रुपये प्रति क्विंटल की पल्लेदारी किसानों के खातों में समर्थन मूल्य के साथ जुड़कर आएगी। इससे जिले के किसानों को लगभग तीन करोड़ से अधिक का लाभ होगा। जिले में सोमवार से धान की खरीद का काम शुरू होने जा रहा है।धान की खरीद के लिए छह एजेंसी के 88 क्रय केंद्र को एक लाख 36 हजार 600 मिट्रिक टन खरीद का लक्ष्य मिला है। खरीद को लेकर सभी केंद्रों पर तैयारी को पूरा करने का विभाग ने दावा किया है। शासन के नए निर्देश से किसानों को अब पल्लेदारी की राशि उसे समर्थन मूल्य के साथ वापस मिल जाएगी। खाद्य एवं विपणन कार्यालय के अनुसार तीन वर्ष पूर्व यह योजना लागू की गई थी, लेकिन उसे बंद कर दिया गया। अब नई क्रय नीति के अनुसार किसान अगर सरकारी क्रय केंद्र पर धान की बिक्री करता है तो उसे पल्लेदारी के लिए प्रति क्विंटल 20 रुपये की दर से राशि दी जाएगी।किसान का धान अगर कॉमन ग्रेड का है तो उसे 2320 रुपये व ए ग्रेड के धान बिक्री करने वाले किसान को 2340 रुपये की दर से भुगतान होगा। इसमें पल्लेदारी की राशि भी शामिल होगी। ऐसे में जिले को मिले लक्ष्य के हिसाब से किसानों को लगभग तीन करोड़ से अधिक की राशि का लाभ मिलेगा। अकबरपुर के किसान सुनील कुमार व मंगल वर्मा ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि पल्लेदारी वापस कर किसानों को बड़ी राहत दी है।क्रय केंद्रों पर धान की खरीद के बाद कुटाई के लिए 44 मिल मालिकों ने आवेदन किया था। इनमें से 32 मिल संचालकों को अनुमति प्रदान कर दी गई है। शेष 12 मिलों को भी एक दो दिन में कुटाई के लिए अनुमति मिलने की संभावना है।सुबह नौ बजे खुल जाएंगे क्रय केंद्र सोमवार को सुबह नौ बजे से सभी 88 क्रय केंद्रों का संचालन शुरू हो जाएगा। किसान अपनी धान की फसल को निकट के केंद्र पर बिक्री कर सकते हैं।


## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य / उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-223770-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-127175-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-1 55465-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-121998-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-250808-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-1562971-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-108892-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-132756-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-131082-1-24-3 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | ADVT-IntExt-93585-2-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 12.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 12.11.2024 समय 12:50 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3426/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राष्ट्रीय उर्दू पुरस्कार से दिल्ली मे सम्मानित किये गये डा0 वदीयत उल्लाह

संवाददाता

सुल्तानपुर। कौमी उर्दू संघ ने गालिब एकेडेमी निकट हजरत निजाम उद्दीन में बीते तीन नवंबर को देश भर से उर्दू के प्रचार-प्रसार, उर्दू साहित्य को बढ़ावा देने एवं उर्दू के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले भारत के अनेक राज्यों से आये हुए सौ लोगों को उपरोक्त पुरस्कार से नवाजा गया। इस क्रम में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जनपद से डा0 वदीयत उल्लाह को राष्ट्रीय पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि वदीयत उल्लाह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुल्तानपुर में उर्दू विषय में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं तथा पिछले पन्द्रह वर्षों से उर्दू की निः शुल्क सेवा प्रदान कर रहे हैं। उनके निर्देशन से अब तक 38 छात्रो का चयन



प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं दो छात्रों का चयन राजकीय इण्टर कालेजों में सहायक अध्यापक तथा एक छात्र का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हो चुका है ।छह छात्र उनके निर्देशन में उर्दू अध्यापक की तैयारी कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर सुल्तानपुर डायट परिवार से शशांक शेखर सिंह,डॉ हरि ओम त्रिपाठी, दिलीप कुमार शर्मा, राजीव सिंह, शरद चतुर्वेदी, डॉ दिव्या रानी, प्रियंका सिंह, अखिलेश कुमार, सुनील कुमार बरनवाल तथा समस्त डायट परिवार ने शुमकामनायें दीं । डायट के प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ पारस नाथ ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं हैं।

# प्रतिरूपमा को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा

संवाददाता

अम्बेडकर नगर। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार 277 कटेहरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2024 लिए दिनांक 13 नवम्बर, 2024 को होने वाले मतदान में प्रतिरूपमा को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा यथा- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,बैंकों/ डाकघरों द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत निर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,ड्राइविंग लाइसेन्स,पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्रध्राज्य सरकारध्लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारित्ता मंत्रालय, भारत सरकार। एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धियां इत्यादि को नजर अंदाज कर देना चाहिए, बशर्ते निर्वाचक की पहचान एपिक से सुनिश्चित्त की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र पेश करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-टेंडर, निविदा सूचना संख्या एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_गोरखपुर_04_2024**

उप सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेन्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित करते हैं- **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरणः एनईआर_एसएण्डटी_प्रोजेक्ट_गोरखपुर_04_2024, कार्य का नामः** "पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सीतापुर सिटी (EX) - बुढ़वल, बुढ़वल जंक्शन - गोरखपुर कैंट, मानकनगर (EX) - लखनऊ जंक्शन - मल्हौर (EX) और बाराबंकी (EX) - बुढ़वल अनुभागों और वाराणसी मंडल के गोरखपुर कैंट-गोल्डनगंज (EX) अनुभाग" पर टावरों की आपूर्ति, फाउंडेशन, फैब्रिकेशन, इरेक्शन और कमीशनिंग और अन्य संबद्ध कार्य (558RKM)। **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 42,16,38,503.96, **बयाना राशि (₹):** ₹ 22,58,200.00, **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 18 दिसम्बर 2024 को 15.00 बजे,**प्री बिड कॉन्फेरेन्सः** 21 नवम्बर 2024 को 11.00 बजे, **नोटः** 1. बयाना राशि एवं ऑफर की वैधता निविदा बंद होने की तिथि से 90 दिन होना चाहिए। 2. वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्तें देखी जा सकती हैं। 3. बोली सुरक्षा राशि या तो ई-भुगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अनुसार होगी। बैंक गारंटी बांड Annexure-1.1 (निविदा दस्तावेज) के अनुसार होगा और बोली की वैधता अवधि के समाप्त होने के 90 दिनों से परे की अवधि के लिए मान्य होगा।

उप मुख्यइंजी/प्रोजेक्ट/गोरखपुर

मुजाधि/सिगनल-62

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


# स्वीप गतिविधियों में लाएं तेजी-मुख्य विकास अधिकारी

संवाददाता

अंबेडकर नगर। विधानसभा अप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 277- केटहरी विधानसभा उप निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (स्वीप) आनन्द कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वीप गतिविधियों से संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचन के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अब तक कराए गया स्वीप गतिविधियों की जानकारी ली तथा उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में मतदाता




जागरूकता हेतु रंगोली, मेहंदी, प्रभात फेरी, निबंध, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाए। जिन मतदेय स्थलोंध्बूथों पर मतदान प्रतिशत विगत चुनाव में कम रहा है वहां मतदाता जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि दिव्यांग मतदाताओं का शतदृप्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र कटेहरी में ड्यूटी पर लगाए गए सभी कार्मिक मतदाता अनिवार्य रूप से स्वयं भी मतदान करें तथा अपने परिवार, पास-पड़ोस एवं गांव के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को भी जागरूक करें, कि वे अपने परिवार के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें। बैठक में डीआईओएस द्वारा आगामी दिनों में विभिन्न विद्यालयोंध्कॉलेजों में किए जाने वाले स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, डीआईओएस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# बीएसए अलका शर्मा को क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने भेंट किया प्रतीक चिन्ह

संवाददाता



अंबेडकर नगर। जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मसडा़ मोहनपुर निवासिनी अलका शर्मा सीनियर डायक्ट प्रवक्ता के पद से प्रमोशन होकर बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल बनने के बाद अपने गृह जनपद में प्रथम आगमन होने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल अलका शर्मा के अपने गृह क्षेत्र मसडा मोहनपुर में आने पर ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया। बेटियां पढे और आगे बड़े तथा सरकार की आधी आधी आबादी पूरी आजादी की तर्ज पर बेटियों के सम्मान में ग्राम पंचायत मसडा मोहनपुर निवासी अलका शर्मा के हौसले को बुलंद करने तथा बेटियों के शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए मिसाल पेश करते हुए क्षेत्र के क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास के साथ संतोष गोलू सोनू गोपाल तथा अन्य युवाओं ने पहुंचकर बुके भेंट कर बेटियों के शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।इस दौरान गांव की कई बेटियां भी अलका शर्मा के जीवन से प्रभावित होकर कुछ अलग करने की ठान रखी है। वही बेला, परसा मसडा तथा बसहिया क्षेत्र के बेटियों ने पढ़ने का कीर्तिमान स्थापित करते हुए बेसिक शिक्षा में अपनी पहचान बनाई और अध्यापक पद को सुशोभित कर रही हैं बुके भेंट का सम्मानित करने के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने कहा कि बेटियों को सम्मानित कर उनके आत्म सम्मान को बढ़ाने के लिए यह छोटा सा प्रयास है जिससे प्रेरित होकर गांव की अन्य बेटियां भी शिक्षा क्षेत्र में कुछ अलग करने की तमन्ना लिए आगे बढ़े।

# जनपद में दम तोड़ चुकी है आनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली अपलोड हो रही फर्जी रिपोर्ट

संवाददाता




बस्ती । आम जनता को त्वरित एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की मंशा से आनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली विकसित की गयी है परन्तु जनपद में आनलाइन शिकायत प्रणाली दम तोड़ चुकी है और जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं हो रहा है बल्कि सीनियर अधिकारियों पर लगे आरोपों की जाँच जूनियर स्तर के लोग कर रहे हैं व फर्जी रिपोर्ट लगाकर मनमानी तरीके से शिकायतें निस्तारित कर दी जा रही हैं और लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है । सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के विकास खण्ड बहादुरपुर में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मनमानीपूर्ण कार्यवाही करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में तैनात अनुदेशकों को नियम विरुद्ध तरीके से प्राथमिक विद्यालयों से सम्बद्ध कर दिया है । अनुदेशकों के नियम विरुद्ध सम्बद्धता व उत्पीड़न के मामले को लेकर जनपद के कुछ समाजसेवियों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा से शिकायत किया है । महानिदेशक स्कूल शिक्षा को बीएसए स्तर से भेजी गयी जाँच आख्या में कई बिन्दुओ को इस प्रकार छिपाया गया है जिससे प्रकरण मे बेसिक शिक्षा अधिकारी की संदिग्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही है । मामले में पुन: फीडबैक की स्थिति बनते ही और बंटाढार की स्थिति उत्पन्न हो गयी और बेसिक शिक्षा अधिकारी जैसे सीनियर अधिकारी प्रकरण में डीसी जैसे जूनियर की आख्या लगाकर मामले को दबाने का पूरा - पूरा प्रयास किया जा रहा है । सब मिलाकर यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि जनपद में आनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली दम तोड़ चुकी है , आरोपी खुद अपनी जाँच आख्या लगाकर भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार किए जा रहे हैं व शासन प्रशासन आंकड़ेबाजी में मस्त है ।

# 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा का निरीक्षण करते आईजी प्रवीण कुमार और मंडला आयुक्त गौरव दयाल

संवाददाता, अयोध्या। नवम्बर दैनिक लोहिया भूमि समाचार संजय यादव अयोध्या चौदहकोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए सारी सुविधाएं रहे मौजूद रहे ताकि परिक्रमार्थियों को परिक्रमा पथ पर परिक्रमा करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी या असुविधा ना उठानी पड़े। उक्त बातें 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण व अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लाखों की संख्या में पूरे भारतवर्ष से श्री अयोध्या जी की ऐतिहासिक 14 कोसी परिक्रमा व उसके उपरांत पंचकोसी परिक्रमा करने श्रद्धालु आते हैं। 14 कोसी और पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण का भी कार्य चल रहा है उसी के साथ हमको परिक्रमा भी करानी है। हमें यह भी ध्यान रखना है कि अयोध्या की महिमा और इसका स्वर्णिम काल विश्वविदित है, इसलिए हमें परिक्रमा करने आए श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार से स्वागत सत्कार में तैयार रहना है उनको चाहे प्राथमिक चिकित्सा हो चाहे पथ पर सुगम परिक्रमा करना हो, चाहे भोजना -जलपान अथवा स्नान, पूजा पाठ करना हो इन सभी बातों के लिए हमको धरातल पर उतरकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा ताकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद हो रही परिक्रमा सभी के लिए यादगार सिद्ध हो। उन्होंने नाका हनुमानगढ़ी से चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग होते हुए पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का भी भ्रमण कर निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था व जल निगम को सभी कार्यों के साथ पथ पर गिट्टी बालू डाल कर रोलर चला परिक्रमा पथ को सुगम सरल बनाने के साथ 7 नवंबर तक पूर्ण करने के लिए सख्त हिदायत दी। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत हो रही इस बार की परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की संभावना की वजह से उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व ट्रैफिक संबंधित पूर्ण व्यवस्थाएं बना लेने के लिए भी निर्देश दिया। अधिकारियों को जगह-जगह जन सुविधाओं को सृजित करने का निर्देश दिया,उन्होंने सभी तैयारियां परिक्रमा।

# आखिर प्यार की हुई जीत, बेवफा प्रेमी को प्रेमिका से करना पड़ा निकाह

संवाददाता, पीलीभीत/पुरनपुर। एक-दूजे पर जान छिड़कने वाले प्रेमी युगल का हुआ निकाह निकाह ने करने पर प्रेमिका ने प्रेमी को दी थी कार्रवाई करने की चेतावनी आखिरकार प्यार की जीत हुई और एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी को पा लिया। कहते हैं मोहब्बत अगर सच्ची हो तो उसके सामने हर किसी को झुकना ही पड़ जाता है। एक युवती ने प्रेमी के साथ जिंदगी भर साथ रहने का वादा था, दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाईं। अंत में प्रेमी द्वारा निकाह करने से इंकार करने पर प्रेमिका थाने पहुच गई। और प्रेमी युवक के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दे डाली। अंत में प्रेमी और उसके परिजनों ने हार मानकर दोनों निकाह करा दिया। आखिरकार मोहब्बत रंग लाई और एक-दूजे पर जान छिड़कने वाले प्रेमी युगल का निकाह हुआ। प्रेमिका को प्रेमजाल में फंसाकर निकाह करने का झांसा देकर एक प्रेमी युवक प्रेमिका को अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। इसके बाद प्रेमिका द्वारा निकाह करने की बात कहने पर प्रेमी युवक मुकर गया। और निकाह न करने की प्रेमिका और उसके परिजनों को धमकी दे डाली। प्रेमी-प्रेमिका की लवस्टोरी का मामला थाने पहुंचा। प्रेमिका ने प्रेमी को निकाह न करने पर कार्रवाई की चेतवनी दे डाली। प्रेमी द्वारा निकाह की बात से मुकरने पर युवक के खिलाफकार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई। दोनों पक्षो में समझौते के प्रयास होने लगे। प्रेमी युवक को ऊपर कारवाई होने का डर सताने लगा। इसके बाद फरार से बचने के लिए प्रेमी युवक ने प्रेमिका से निकाह कर लिया। इसके बाद दोनों पक्षो ने समझौता कर लिया। और लड़की पक्ष ने कार्रवाई के लिए इंकार कर दिया। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के पुरनपुर सेहरामऊ गांव निवासी युवक युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी बीच युवक ने अपनी प्रेमिका से बात चीत करने के लिए उसे एक फोन लेकर दिया। प्रेमी द्वारा दिए गए फोन को प्रेमिका के परिजनों ने पकड़ लिया। इसके बाद फोन में आपत्ति जनक स्थिति में फोटो देखने पर मामले की पोल खुल गई। परिजनों के पूछने पर प्रेमिका ने अपनी लव स्टोरी की कहानी परिजनों को बताई। तो परिजनों के पैरो तले जमीन खिशक गई। इसके बाद परिजनों ने प्रेमी युवक व उसके परिजनों से निकाह करने की बात कही। तो प्रेमी युवक निकाह करने की बात से मुकर गया। इसके बाद प्रेमिका के परिजन मामले की शिकायत लेकर थाने पहुँचे। और युवक द्वारा निकाह न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद दोनों पक्षो के बीच काफी देर तक समझौते के प्रयास होते रहे। लेकिन कोई हल नहीं निकल सका था। काफी प्रयासों के बाद कार्रवाई होने के डर से प्रेमी युवक ने अपनी प्रेमिका से निकाह कर लिया। आखिरकार प्रेमिका ने अपनी प्रेम कहानी में जीत दर्ज कर ली। और दोनों ने हसीं खुशी निकाह कर लिया। पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अपने आप ब्लेड से किया हमला, चाचा की पिटाई से नराज था

संवाददाता, पीलीभीत। पीलीभीत के शहर कोतवाली क्षेत्र के खैरुल्लाह शाह मोहल्ले में एक युवक ने रिश्ते के चाचा से विवाद के बाद अपने गले पर ब्लेड से वार कर खुद को चोट पहुंचाने की कोशिश की। युवक की हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। विवाद के दौरान गब्बर ने शिवम के सिर पर डंडा मार दिया। जिससे शिवम नाराज और आहत हो गया। इसके बाद उसने रविवार देर शाम अपने गले पर ब्लेड से वार कर खुद को अपने आप चोट पहुंचाई। किसी ने पुलिस को गलत सूचना देकर इसे हिंदू-मुस्लिम विवाद बताया। जिस पर दो थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। जांच के बाद पता चला कि यह आपसी पारिवारिक विवाद था। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने जानकारी दी कि शिवम ने खुद ही अपने गले पर ब्लेड से हमला किया था और मामले की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर ने तहसील नौगढ का निरीक्षण किया

संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम तहसीलदार न्यायिक कोर्ट, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष व 03 वर्ष से अधिक समय से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। धारा 34 के 05 वर्ष से पुराने प्रकरणो को शीघ्र निस्तारित कराने का निर्देश दिया। धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराने तथा कब्जा भी दिलाये जाने का निर्देश दिया। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, पट्टा, आर.सी.वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र आदि पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। 2020 के बाद से कोई पट्टा नही हुआ है। पट्टेदार को पट्टा कब्जा प्रमाण पत्र नही दिया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बधिंत पटल सहायक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। ग्राम सभा आवास स्थल भूमि आवंटन रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया। मत्स्य पट्टा का रजिस्टर मांगने पर आर0के0 अरूण कुमार श्रीवास्तव द्वारा रजिस्टर नही दिखाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जब तक रजिस्टर पूर्ण नही होता तब वेतन नही देने का निर्देश दिया। कृषि पट्टा आवंटन रजिस्टर में पट्टेदार का फोटो नही लगा था तथा रजिस्टर पूर्ण नही पाया गया। जिलाधिकारी ने सभी रजिस्टर 15 दिवस में पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात अभिलेखागार, भूलेख, संग्रह अभिलेखागार, नजारत, खतौनी कक्ष, डाक डिसपैच रजिस्टर, आर0के0पटल, आदि विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया। धारा 66 के अन्तर्गत मुकदमों का न्यायालय में सुनवाई कर निस्तारित कराये। लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की सेवा पुस्तिका, जी.पी.एफ पुस्तिका का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जी.पी.एफ पुस्तिका जो कमियां है उन्हें पूर्ण करा ले। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार नौगढ़, नायब तहसीलदार नौगढ़, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, नाजिर व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी का किया पूजन



संवाददाता

शाहजहाँपुर। फैक्ट्री स्टेट मंदिर में जगत पिता ब्रह्मा जी की संपूर्ण काया से उत्पन्न सृष्टि के समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले कलम दवात पुस्तक व तलवार धारण करने वाले कायस्थ समाज के आराध्य परमपिता भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन व स्मरण तथा कलम दवात पूजन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष कृपा शंकर सक्सेना की अध्यक्षता में जिला संगठन मंत्री विनय कुमार जौहरी ने वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा कराया। इस अवसर पर बालकृष्ण श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, डॉ. विजय जौहरी, अरूण सक्सेना,पवन कुमार सक्सेना, अवनीश सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, अनूप सक्सेना, संजीव सक्सेना, राजीव खिलौरिया, राजीव कुमार श्रीवास्तव, व्रिजेश कुमार श्रीवास्तव, कुलदीप सक्सेना, नीरज सक्सेना, ललित श्रीवास्तव, अमित कुदेशिया, आकाश दीप, रूपेश कुमार श्रीवास्तव, विश्वजीत श्रीवास्तव, तेजस्व श्रीवास्तव, सार्थक श्रीवास्तव, समर्थ सक्सेना, जितेन्द्र सक्सेना, रवि कुमार सक्सेना, अनुज सक्सेना, स्वास्तिक श्रीवास्तव, आदि चित्राँश उपस्थित रहे।

# हुसैन इब्ने अली दिल में पाए जाते हैं

संवाददाता



अयोध्या। हम लोग पैगम्बर मुहम्मद साहब के नवासे और कर्बला के महान बलिदानी हजरत इमाम हुसैन के संदेशों को ईमानदारी से आत्मसात करें तो तमाम बुराईयों से छुटकारा मिल सकता है। उक्त विचार करारी-प्रयागराज के विद्वान मौलाना सैयद जैगमुर रिजवी ने ख्वासपुरा स्थित इमामबाड़ा जवाहर अली खां में मीडियाकर्मी सैयद मंजर अब्बास, सैयद नैय्यर अब्बास आदि की तरफ से मरहूमा सैय्यदा शकील फातिमा बिंते सैयद राजिक रजा के पुण्य हेतु आयोजित वार्षिक मजलिस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बल देकर कहा नमाज के अव्वल वक्त का ध्यान रखते हुए मजलिसों का कार्यक्रम निर्धारित होना चाहिए। इसे अमली जामा पहनाने में जितनी जिम्मेदारी आयोजकों की है उससे कहीं अधिक उत्तरदायित्व मौलवियों पर है। अंत में मौलाना ने कहा यदि हम सभी नेक काम रजा-ए-इलाही की नियत से करें तो दुनिया और आखिरत दोनों संवर जाएगी। संचालक मौलाना अरशी मौलाई ने पढ़ा मुझे यकीं वो आयेंगे वक्ते आखिर भी, मैं कह सकूंगा जियारत अभी अभी हुई है। यावर उन्नावी ने रुबाई पेश करते हुए यूं हमने इमामे अजली को देखा, अवसाफे खुलावंदी जली को देख। नोयडा से आए अर्शी वास्ती ने कहा निकल के आंखों से आंसू बताए जाते हैं, हुसैन इब्ने अली दिल में पाए जाते हैं। चंदन फैजाबादी ने कहा ये आयतों के लब पे तराना हैं फातिमा, मिदहत में तेरे शेर सुनाना है फातिमा। शफक ने पढ़ा है मेरा घर भी बड़ा पास है दौलत भी बहोत, फिर भी रहता हूं परेशान मां तेरे जाने से। कुमैल आब्दी ने कहा मां मेरी मां मैं तेरा चेहरा भुलाऊं कैसे, दिल के जज्बात अब मैं तुमको सुनाऊं कैसे। सैयद समर अब्बास, सैयद अख्तर अब्बास ने अतिथियों की सेवा सत्कार किया।

# गाजियाबाद में अधिवक्ताओ के ऊपर किए गए लाठीचार्ज और बर्बता पर कर अधिवक्ताओ ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता



मिर्जापुर। गाजियाबाद में अधिवक्ताओ पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मिर्जापुर के कर अधिवक्ताओ ने टैक्स एडवोकेट्स के बैनर तले धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी किया। उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में कर अधिवक्ता संघ, टैक्स बार एसोसिएशन और विंध्य टैक्स बार एसोसिएशन के कर अधिवक्ताओ ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन को अधिवक्ताओ के खिलाफ इस प्रकार की बर्बर कारवाई से बचने की सलाह दी और चेतावनी दिया कि यदि प्रशासन नही सुधरा तो अधिवक्ता अपने आत्म सम्मान की रक्षा के लिए हरसंभव विरोध करने को बाध्य होगे। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए अमित श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के दिशानिर्देश पर ये आंदोलन किया जा रहा है और ये अधिवक्ताओ के आत्म सम्मान एवं आत्म रक्षार्थ की लड़ाई है। आगे की रणनीति के सम्बन्ध में उन्होने कहा कि जैसा भी प्रदेश नेतृत्व का निर्देश होगा मिर्जापुर के कर अधिवक्ता पुरा सहयोग करेंगे। धरना-प्रदर्शन के दौरान विंध्य टैक्स बार एसोसिएशन के संरक्षक राम जी, टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार, गंगाधर सिंह, सुरेश चंद्र, नीरज त्यागी, नवीन श्रीवास्तव, इरशाद अहमद, संजीव कुमार, गुंजन कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, शिव कुमार शुक्ल, रामेश्वर तिवारी, सोनल, राजीव श्रीवास्तव, ओम प्रकाश इत्यादि अधिवक्ता मौजूद रहें।

# तहसील समाधान दिवस का हुआ आयोजन कई मामले का हुआ निस्तारण

संवाददाता



सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा के अनुरूप आज तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील नौगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 65 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-45, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-03, विकास-09, विद्युत-01, पूर्ति-02, स्वास्थ्य-02, चकबन्दी-02, नगर पालिका-01 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व के 11 प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# काले झंडे, बैनर और काली पट्टी बांधकर सड़क पर उतरे महोबा के सैकड़ों पत्रकार, सरीला में पत्रकारों से बर्बरता सहित अन्य मामलों को लेकर आक्रोश

संवाददाता



महोबा। यूपी के हमीरपुर में दो पत्रकारों को बंधक बनाकर निर्वस्त्र कर दी गई तालिबानी सजा, फतेहपुर में पत्रकार की हत्या व महोबा में दबंगो द्वारा पत्रकार के साथ अकारण मारपीट को लेकर पत्रकार संगठनों ने एक जुट होकर सड़कर पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। सरीला में दबंग नगर पंचायत अध्यक्ष का पुतला दहन कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। इस दौरान पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट तक काले झंडे, बैनर, तख्तियां और हाथ में काली पट्टी बांधकर पांच किमी. पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। पत्रकारों के प्रदर्शन को अधिवक्ताओं, किसान यूनियन और ब्राह्मण समाज का भी समर्थन मिला। आपको बता दें कि बीते दिनों हमीरपुर जिले के सरीला में खबर प्रकाशित करने से नाराज नगर पंचायत के चेयरमैन पवन अनुरागी सहित उनके गुर्गों ने दो पत्रकार अमित द्विवेदी और शैलेंद्र मिश्रा को कमरे में बंधक बनाकर नग्न कर अमानवीय बर्बरता पूर्वक पीटा गया। जनपद फतेहपुर में भी रंगदारी का विरोध करने पर एएनआई न्यूज एजेंसी के पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या कर दी गई थी वहीं महोबा जनपद में भी अखबार के पत्रकार तीव्र प्रकाश सिंह के साथ अकारण आधा दर्जन दबंगों ने मारपीट की। पत्रकारों पर घटित इन घटनाओं से जिले के पत्रकारों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर संयुक्त मीडिया क्लब के बैनर तले प्रेस क्लब एसोसिएशन, प्रेस क्लब ऑफ यूपी और इंडियन कॉन्सिल ऑफप्रेस के पत्रकारों ने अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर शहर के आल्हा चौक से लेकर कलेक्ट्रेट तक करीब 5 किलोमीटर का पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकार काले झण्डे, काले बैनर और तख्तियां लेकर पत्रकार एकता जिंदाबाद सहित विरोध प्रदर्शन के नारे लगाते हुए सड़कों पर गुजरे। इस दौरान मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, कोतवाली पुलिस, एलआईयू सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पत्रकारों ने दिए ज्ञापन में मुख्यमंत्री से सरीला में पत्रकारों को नग्न पर बर्बरता से मारपीट करने वाले आरोपी नगर पंचायत चेयरमैन पवन अनुरागी और उनके गुर्गों पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की है। संयुक्त मीडिया क्लब के अध्यक्ष भगवान दीन यादव ने कहा कि घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई जाए ताकि सभी आरोपियों को सजा मिल सके। पत्रकारों के साथ लगातार हो रही बर्बरता को लेकर संगठन के बुंदेलखंड प्रभारी इरफान पठान ने कहा कि पत्रकारों पर हमले अब बर्दास्त नहीं किए जायेंगे। उन्होंने फतेहपुर में एनआईए के मृतक पत्रकार दिलीप सैनी के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की है कर सरीला मामले में कठोर कार्यवाही की मांग की। वहीं प्रेस क्लब एसोशिएशन के अध्यक्ष अमित श्रोतीय ने कहा कि सरीला नगर पंचायत के चेयरमैन को तत्काल पदमुक्त किया जाए ताकि वे पद का दुरुपयोग न कर सकें और जांच निष्पक्ष तरीके से हो सके। इसके साथ ही बीते रोज महोबा में पत्रकार तीव्र प्रकाश सिंह के साथ दबंगों द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे जाने की मांग करते हुए पीड़ित पत्रकारों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# गांवों को भी स्मार्ट गांव...

विदेश की तरह भारत में भी अनेक शहरों को स्मार्ट सिटी का दर्जा देकर सारी सुविधाएं दी जा रही है हमें अब चाहिए कि गांव को भी स्मार्ट गांव में तब्दील उसे विकास की मुख्य धारा में लाया जाए। विदेशी गांवों की तर्ज पर ही भारत देश के गांव के भी विकास की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सकेस जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सकेस और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया हैस पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के गांवों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती हैस यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है। नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर,कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना में विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है।

# शास्त्रों के अनुसार नैवेद्य चढ़ाए जाने के नियम जानिए

ज्योतिषाचार्य पं.अविनाश मिश्र शास्त्री (चित्रकूटधाम)



नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। नैवेद्य में नमक की जगह मिष्ठान्न रखे जाते हैं। प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है। नैवेद्य की थाली तुरंत भगवान के आगे से हटाना नहीं चाहिए। शिवजी के नैवेद्य में तुलसी की जगह बेलपत्र और गणेशजी के नैवेद्य में दूर्वा रखते हैं। नैवेद्य देवता के दक्षिण भाग में रखना चाहिए। कुछ ग्रंथों का मत है कि पका नैवेद्य देवता के बाईं तरफ तथा कच्चा दाहिनी तरफ रखना चाहिए। भोग लगाने के लिए भोजन एवं जल पहले अग्नि के समक्ष रखें। फिर देवों का आह्वान करने के लिए जल छिड़कें। तैयार सभी व्यंजनों से थोड़ा-थोड़ा हिस्सा अग्निदेव को मंत्रोच्चार के साथ स्मरण कर समर्पित करें। अंत में देव आचमन के लिए मंत्रोच्चार से पुनरू जल छिड़कें और हाथ जोड़कर नमन करें। भोजन के अंत में भोग का यह अंश गाय, कुत्ते और कौए को दिया जाना चाहिए। पीतल की थाली या केले के पत्ते पर ही नैवेद्य लगाएं। देवता को निवेदित करना ही नैवेद्य है। सभी प्रकार के प्रसाद में निम्न पदार्थ प्रमुख रूप से रखे जाते हैं- दूध-, मिश्री, शक्कर -नारियल, गुड़-नारियल, फल, खीर, भोजन इत्यादि पदार्थ। नैवेद्य अर्पित कर उसे प्रसाद रूप में खाने के लाभ! मन और मस्तिष्क को स्वच्छ, निर्मल और सकारात्मक बनाने के लिए हिन्दू धर्म में कई रीति-रिवाज, परंपरा और उपाय निर्मित किए गए हैं। सकारात्मक भाव से मन शांतचित्त रहता है। शांतचित्त मन से ही व्यक्ति के जीवन के संताप और दुख मिटते हैं। लगातार प्रसाद वितरण करते रहने के कारण लोगों के मन में भी आपके प्रति अच्छे भावों का विकास होता है। इससे किसी के भी मन में आपके प्रति राग-द्वेष नहीं पनपता और आपके मन में भी उसके प्रति प्रेम रहता है। लगातार भगवान से जुड़े रहने से चित्त की दशा और दिशा बदल जाती है। इससे दिव्यता का अनुभव होता है और जीवन के संकटों में आत्मबल प्राप्त होता है। देवी और देवता भी संकटों के समय साथ खड़े रहते हैं। भजन, कीर्तन, नैवेद्य आदि धार्मिक कर्म करने से जहां भगवान के प्रति आस्था बढ़ती है वहीं शांति और सकारात्मक भाव का अनुभव होता रहता है। इससे इस जीवन के बाद भगवान के उस धाम में भगवान की सेवा की प्राप्ति होती है और अगला जीवन और भी अच्छे से शांति व समृद्धिपूर्वक व्यतीत होता है। श्रीमद् भगवद् गीता (7/23) के अनुसार अंत में हमें उन्हीं देवी-देवताओं के स्वर्ग इत्यादि धामों में वास मिलता है जिसकी हम आराधना करते रहते हैं। श्रीमद् भगवद् गीता में भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन के माध्यम से हमें यह भी बताते हैं कि देवी-देवताओं के धाम जाने के बाद फिर पुनर्जन्म होता है अर्थात देवी-देवताओं का भजन करने से, उनका प्रसाद खाने से व उनके धाम तक पहुंचने पर भी जन्म-मृत्यु का चक्र खत्म नहीं होता है। (श्रीगीता 8/16)।

ज्योतिष शास्त्र, वास्तुशास्त्र, वैदिक अनुष्ठान व समस्त धार्मिक कार्यो के लिए संपर्क करें

**श्री रामकृष्ण ज्योतिष केन्द्र श्रीरामकृष्णज्योतिष अनुष्ठान केन्द्र संपर्क सूत्र - 7389695052, 8085152180**


# पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल



दीपावली के बाद बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। मेरा कतई यह आशय नहीं है कि हमें दीपावली नहीं माननी चाहिए जरूर माननी चाहिए, जोर जोर से मनानी चाहिए एवं संपूर्ण धार्मिकता तथा आस्था के साथ बनाना चाहिए। दीपावली मुख्यत: दीपों और रोशनी का का पवित्र त्यौहार है पर उसके दूसरे पहलू में अंधाधुंध पटाखे और बम फोड़ने से होते प्रदूषण पर भी हमें ध्यान रखना होगा एवं इसके उपचार के लिए सदैव प्रयासरत भी होना होगा। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है। अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैस इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं,दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हैस वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी ? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी हैस इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता हैस खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी हैस अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैस बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला हैस राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही हैस विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैस शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना हैस यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई हैस इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगास टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफआदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीस पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगास इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं हैस पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगीस इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है,इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है ष्प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहींष् निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है,प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता हैस यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगेस आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती हैस मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद्र ,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैंस आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा हैस इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा हैस प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही हैस हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है। - **( एजेंसी )**

# भगवान सूर्य के प्रति आस्था और श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व है छठ

**रीमा राय**



वैसे तो छठ पूजा वर्ष में दो बार कार्तिक व चौत्र महीने में मनाई जाती है पर कार्तिक महीने की छठ पूजा ज्यादा प्रचलित है। छठ पूजा मूलत: सूर्य षष्ठी व्रत है, इसलिए इसे 'छठ' कहा जाता है। सूर्य को सृष्टि का संचालक और प्राणी जीवन का प्रहरी माना जाता है। भगवान सूर्य के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा सदियों से अर्पित की जाती रही है। छठ पूजा मूलत: ऊर्जा के प्रतीक भगवान सूर्य का आराधना पर्व है। दीपावली में वैसे तो रंगाई-पुताई के काम संपन्न हो गये होते हैं पर जिन घरों में छठ पूजा आयोजित होनी होती है, वहां दीपावली के बाद भी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। छठ पूजा का मुख्य दौर तीन दिन तक चलता है। पहले दिन जिसे 'छोटकी छठ' का नाम दिया जाता है। उस दिन व्रती सारा दिन उपवास तो करती हैं पर शाम को मीठा भोजन यानी खीर खा लेती हैं। दूसरे दिन जिसे 'बडकी छठ' कहा जाता है वह दिन तो पूर्ण उपवास का होता है। बहुत ही साफ-सुथरे माहौल में पकवान बनाने, फलों को धोने-सजाने की प्रक्रिया संपन्न होती है। इस व्रत में सूप, दौरा,केला, नारियल, कच्ची हल्दी, कच्ची सुपारी, सेव, नींबू, ईख, अदरक, मूली, सुथनी के साथ मुख्य रूप से ठेकुआ और चना का प्रयोग पूजा सामग्री के तौर पर किया जाता है। छठ के दिन शाम को सूर्यास्त से पहले सभी व्रती फलों और पकवानों को दौरा और सिपुली में भरकर घाट पर पहुंच जाते हैं। घाट पहुंचते समय सबसे पहले यह गीत गाते हुए घाट पर पहुंचते हैं।

'कांच ही बांस के बहंगिया,  
बहंगी लचकत जाय  
बहंगी लचकत जाय  
होई ना बलम जी कहरिया,  
बहंगी घाटे पहुंचाय'

घाट पर पहुंचने के बाद सबसे पहले काम यह होता है कि डूबते सूरज को अर्घ्य (अरध) अर्पित किया जाये। घुटनों तक पानी में खड़ी होकर व्रती एक-दूसरे को पश्चिम की ओर मुंह कर अर्घ्य दिलवाते हैं।

'चार चौखंड के पोखरवा, बनारस अइसन घाट  
ताही पोखरा उतरीले महादेव, गौरा देई के साथ।'

यहां तो कई जगह गंगाजी सहज उपलब्ध हैं पर जहां यह संभव नहीं है यानी गांवों और कस्बों में, वहां छोटी-छोटी नदियों, तालाबों और पोखरों के किनारे जाकर ही पूजा-अर्चना की जाती है और 'चार चौखंड के पोखरवा' की कल्पना साकार की जाती है। बिहार के गांवों में तो तालाबों और पोखरों के किनारे पक्की 'छठी मइया' बनाई गई होती है जहां साल-दर-साल पूजा संपन्न की जाती हैं पर जहां गंगा घाटों पर पक्की छठी मइया बनाना संभव नहीं है कच्ची मिट्टी और ईंटों की सहायता से अस्थायी तौर पर छठी मैया का निर्माण होता हे। घाटों पर तो इतनी भीड़ होती है कि जगह आरक्षित नहीं की जाए तो बैठने की और पैर धरने की जगह नहीं मिलेगी। डूबते सूरज को अर्घ्य देने के बाद छठ मैया के पास बैठकर अनूठे तरीके से पूजन किया जाता है। छठ पूजा ही नहीं बिहार और उत्तरप्रदेश की सारी पूजाओं की यह खासियत है कि पूजा के प्रत्येक चरण के लिए अलग-अलग गीत होते हैं और उन गीतों के अंदाज भी अलग अलग ही होते हैं। छठ मैया के पास बैठकर जब इस प्रार्थना गीत का दौर प्रारंभ होता है तो एक अलग ही समां बंध जाता है।

'सेई ले शरण तोहार ए छठी मैया  
सुनी लेहू अरज हमार  
गोदिया भरल मइया बेटा मांगी ले  
मंगलवा भरल ऐहवात ए छठी मैया  
सुनी लेहु अरज हमार।'

विश्वास की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और आज तक थोड़ी भी कम नहीं हुई है कि छठी मैया सारी मनोकामनाओं को पूर्ण करती है। परंपरागत गीतों के साथ छठी मैया की पूजा घाटों पर तब तक जारी रहती है, जब तक 'सूरज भगवान' अपने घर को लौट नहीं जाते हैं और रात की काली परछाइयां अपने डैने पसारने नहीं लगती हैं। सारे पथिक, पंछी अपने-अपने घरों को जब लौट रहे होते हैं छठ व्रती भी लौट पड़ते हैं अपने-अपने घरों को। घर आकर 'कोसी' भरा जाता है। ईख के घरौंदे बनाकर नये कपड़े की छाजनी डाली जाती है और उसके बीच में मिट्टी के बारह या चौबीस बर्तनों में पकवान सजाकर दिये जलाए जाते हैं। छठी मैया तो घाट से चलकर आंगन में पहुंच गयी होती हैं। पूछा भी जाता है कि

'सांझ भइल छठी रहलू में कंहवा'  
तो छठी मैया जवाब देती है-  
रहनी महादेव के आंगना,  
गाई के गोबरे लिपहले उनकर अंगना,  
झिलमिल दीप जरेला उनकर अंगना।

कोसी भरने के बाद समाप्त होती है शाम की पूजा। अब सूर्योदय के पहले फिर घाट पर पहुंचना है। भूख और प्यास से नींद भी नहीं आती पर उनींदी आंखों में कष्ट या पीड़ा के भाव झलकते भी नहीं। सूर्योदय के पहले घाट पर पहुंच फिर एक बार 'कोसी' भरने की प्रक्रिया दोहराई जाती है। छठ मैया की पूजा होती है। गीतों के बोल उठते हैं और इंतजार किया जाता है कि कब पूरब के आकाश में लालिमा छायेगी और कब उदय होगा सृष्टि का एक और नया सवेरा।

'हाथ में कलसुपवा लिहले पारवती ठाढ़ हे  
कब दल उगीहें सुरूज अलबेलवा हे'

और गीतों की भाषा में 'पुरहन के पात' पर सूर्य का उदय होता है तो प्रारंभ होती है वंदना ऊं सूर्याय नमरू। पूरब की ओर मुंह कर अबकी बार गाय के कच्चे दूध से अर्घ्य अर्पित किया जाता है। छठ पूजा प्रारंभ पश्चिम में डूबते सूरज को अर्घ्य देकर होती है और पूरब में उगते सूरज को अर्घ्य देकर संपन्न हो जाती है। इस सूर्य के आराधना पर्व 'छठ' पर महिलाएं गीत गाते हुए घाटों पर जाती हैं और गीत गाते हुए पूजा करती हैं, फिर गीत गाते हुए लौट भी आती हैं। ब्रह्मा के शासनतंत्र में ऊर्जा विभाग सूर्य के अधीन है। सूर्य का कार्य सृष्टि को प्रकाश और ऊर्जा प्रदान करना है। सूर्य के दिव्य रथ में सात घोड़े हैं, जो अश्वशक्ति (हॉर्सपावर) के प्रतीक हैं। इस पृथ्वी के निवासी भी ऊर्जा का मापदण्ड अश्वशक्ति को ही मानते हैं। सूर्य का रथ जिस प्रकार बिना किसी आधार के चलता है उसी प्रकार आकाश में ऊर्जा की तरंगें भी वायुमंडल में चलती हैं। सौर ऊर्जा से जीवधारियों और वनस्पतियों को जीवन मिलता है। यही कारण है कि यह पूजा आज किसी प्रांत, जाति या समुदाय का बंधन नहीं मानती। छठ पूजा में व्यवहृत सामानों को इतनी सावधानी और सफाई से रखा या पकाया जाता है कि पक्षी भी उसको स्पर्श करते हैं तो पूजा के अयोग्य मान लिया जाता है। छठ पूजा खासकर बिहार के उत्तरी जिलों पुराना छपरा, चंपारण, मुजफ्फरपुर, पटना, आरा, वैशाली एवं बिहार की सीमा से सटे उत्तरप्रदेश के पश्चिमी जिलों गोरखपुर, देवरिया, बलिया, आजमगढ़, जौनपुर, गाजीपुर आदि में ज्यादा महत्वपूर्ण है। बिहार में तो इसे सबसे महत्वपूर्ण स्थान दिया ही जाता है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश में भी यह काफी तेजी से फैलती जा रही है, क्योंकि सीमा से सटे इन जिलों में विवाह संबंध बहुत ज्यादा हैं। बंगाल में भी इसका प्रचलन बढ़ा है, क्योंकि उन्हीं जिलों के लोग यहां भी बसते हैं। पटना की छठ पूजा तो समूचे भारत में अपना अलग ही एक स्थान रखती है। (विनायक फीचर्स)

# सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ



मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा। लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान 'कटोगे तो बंटोगे' का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है। संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। संघ इसी विचार को मानता है, भारतीय यानी हिंदू। भारतीय समाज को कभी सांप्रदायिकता के आवरण में बांटा गया तो कभी जाति की संकीर्ण सोच के बहाने। संघ अपने जन्म से ही दोनों ही वैचारिकी का विरोध करता रहा है। इसके बावजूद उस पर कभी ब्राह्मणवादी होने तो कभी कुछ का आरोप लगता रहा है। किसी भी संगठन के किसी भी व्यक्ति के निजी तौर पर अपने विचार हो सकते हैं, उसकी सोच का असर उसके व्यक्तित्व पर पड़ सकता है। लेकिन वैचारिक रूप से संघ में ऊंच-नीच, भेदभाव की सोच नहीं रही है। महात्मा गांधी ने भी संघ के 1934 के वर्धा के शिविर का दौरा किया था। संघ के उस शिविर में छूआछूत और ऊंचनीच का भाव न देखकर गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे। उन दिनों गांधी जी छूआछूत के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उन्होंने तब माना था कि संघ के ऐसे प्रयास भारतीय समाज में बराबरी का भाव लाने में सफल हुए। राजनीति अक्सर महात्मा गांधी को लेकर संघ पर आरोप लगाती है कि वह महात्मा गांधी को नहीं मानता। संघ को सामाजिक रूप से बांटने को लेकर जब भी हमला किया जाता है, अक्सर गांधी विचार का ही सहारा लिया जाता है। हालांकि संघ ने कभी ऐसी कोई मंशा जाहिर नहीं की। उलटे गांधी संघ के समानता के विचारों से प्रभावित रहे। जिसकी तसदीक उनके द्वारा ही प्रकाशित हरिजन पत्रिका के 28 सितंबर 1947 के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी जी ने दिल्ली में सफाईकर्मियों की बस्ती में हुए संघ के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर 1947 को हिस्सा लिया था। इस रिपोर्ट में लिखा है,षगांधी जी ने कहा कि वे कई साल पहले वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गए थे, जब संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज उन्हें शिविर में ले गए थे और वे (गांधी) उनके अनुशासन, अस्पृश्यता की पूर्ण अनुपस्थिति और कठोर सादगी से बहुत प्रभावित हुए थे। पहले कर्नाटक और बाद में बिहार में हुई जाति जनगणना के बाद राजनीति का एक हिस्सा पूरे देश में जाति जनगणना कराने को लेकर अभियान छेड़े हुए है। भारत में पहली बार जाति जनगणना 1931 में हुई थी। अंग्रेजों ने इसका इस्तेमाल भारत में अपने राज बचाने की कोशिश के रूप किया था। शायद दूसरे विश्व युद्ध और स्वाधीनता आंदोलन की तेजी की वजह से 1941 में जनगणना नहीं हुई। आजादी के बाद 1951 की जनगणना की जब तैयारी चल रही थी तो राजनीति के एक हिस्से ने जाति जनगणना की मांग रखी थी। लेकिन जनगणना के प्रभारी मंत्री के नाते तत्कालीन स्वराष्ट्र मंत्री सरदार पटेल ने इस मांग को खारिज कर दिया था। पटेल का मानना था कि जाति जनगणना से सामाजिक तनाव बढ़ेगा और अंततरू वह विखंडन को ही बढ़ावा देगा। कुछ ऐसी ही सोच संघ की भी है। हालांकि कुछ दिनों पहले संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने जाति जनगणना का समर्थन किया था। जिससे माना गया था कि संघ भी जाति जनगणना के पक्ष में है। ऐसी सोच रखने वालों ने अंबेडकर के विचार के अगले हिस्से पर ध्यान नहीं दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रशासनिक कार्यों के लिए ऐसे आंकड़े जुटाए जा सकते हैं, लेकिन उनका राजनीतिक दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। गांधी जी के बाद संघ शायद अकेला संगठन है। - **( एजेंसी )**

# राजनीति के शिकार में फंसा व्यवसायी / समाजसेवी पुलिस ने भेजा जेल

❑ एस पी को समाजसेवी की पत्नी ने लिखित शिकायत पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार ❑ मु0अ0स0–274/24 थाना अतर्रा के केस में निष्पक्ष विवेचना किये जाने की मांग की

संवाददाता

बांदा। बांदा । तीन दिन पहले अतर्रा पुलिस में एक व्यापारी को मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजा था उसी मामले में व्यापारी की पत्नी ने आज डीआईजी व एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता रागिनी ने आरोप लगाते हुए बताया कि पीड़िता के पति दीपक कुमार गुप्ता पुत्र बाबूलाल गुप्ता व अन्य के विरूद्ध थाना अतर्रा में मु0अ0सं0–274 /24 धारा 191 (2), 191 (3), 140 (1), 115(2), 352, 351(3), 109 बी0एन0एस व धारा 30, 25, 27 । एक्ट का मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजा गया है प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक–02.11.2024 को समय 21. 24 बजे थाना अंतर्रा में पंजीकृत की गयी थी परन्तु पीड़िता के पति व अन्य को रिपोर्ट लिखे जाने के पहले 24 घण्टे पहले पकड़ कर थाना अतर्रा में बन्द रखा गया। पीड़िता के पति को राजनैतिक दबाव के चलते झूठा फंसाया गया है एवं काल्पनिक गिरफ्तारी का दिनांक व समय तथा स्थान दिखा करके जेल भेजा गया है जबकि पीड़िता के पति को एफआईआर लिखने से पहले पुलिस ने पकड़कर थाने में निरूद्ध कर लिया था जबकि पीड़िता के पति एक व्यवसायी समाज सेवी एवं कृष्ण द्वैपायन वेद व्यास जन्म स्थानम् ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं अध्यक्ष है व पीड़िता के वर्तमान में राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना व भाजपा समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष पति की राजनैतिक ख्याति को बिगाड़ने की नियत से दुर्भावनावस साजिश के तहत पूर्व नियोजित योजना अनुसार राजनैतिक दबाव से झूठा फंसाया गया है ।पीड़िता के सास ससुर वृद्ध है इस परिस्थिति में केस की निष्पक्ष जांच कराकर पीड़िता के पति के विरूद्ध की जा रही साजिश की सत्यता को उजागर किया जाना न्याय हित में है। मांग है कि मु0अ0सं0 274 /24 थाना अतर्रा के विवेचक महोदय को केस की सत्य एवं निष्पक्ष जांच ध् विवेचना करने हेतु आदेशित करने की मांग की है। ताकि पीडिता के पति दीपक कुमार गुप्ता को न्याय मिल सके ।पीड़िता के पति दीपक कुमार



गुप्ता की गिरफ्तारी के समय ना तो किसी से मिलने दिया गया और ना ही परिजनों को कोई जानकारी दी गई सोशल मीडिया के माध्यम से जिसकी जानकारी परिजनों को हुई थी साथ ही दीपक गुप्ता के साथ अतर्रा पुलिस ने बदलसूखी भी की है।

# गंगा उत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

संवाददाता

बांदा। बांदा जनपद के भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन नदी आरती स्थल पर गंगा उत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर भव्य आयोजन किया गया जिसमें बांदा जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा देश के वीर अमर शहीदों के नाम दीपदान किया गया तत्पश्चात बुंदेलखंड के विश्व प्रसिद्ध दिवारी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जिसमें दूर दराज से आए कलाकारों ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दिवारी कला प्रदर्शन में रमेश पाल के कलाकारों द्वारा अदभुद प्रदर्शन किया गया जिसने सभी को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम में जेके छलिया ग्रुप के द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियां का प्रदर्शन किया गया जो अत्यंत ही आकर्षक और आनंद से भरपूर रहा। इन सब कार्यक्रमों के पश्चात के जल महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। आपको बता दे कि यह कार्यक्रम के उत्सव के



उपलक्ष्य में तथा जिला प्रशासन के सानिध्य में एवं जिला गंगा समिति, गंगा समग्र कानपुर प्रांत, एवं विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दूर दराज से आए कलाकारों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया तथा सैकड़ों हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम इकट्ठा रहा। इस मौके में उपस्थित वन प्रभागीय अधिकारी अरविंद कुमार प्रोर्मिला सिंह पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती विनोद जैन अजय सिंह, जयवीर ,संजय काकोनिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्रा जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला उपाध्यक्ष कृष्ण चंद्र प्रजापति नमामि गंगे जिला संयोजक राकेश सिंह राठौड़ सभासद फूलचंद वर्मा गंगा समग्र गंगा वाहिनी प्रमुख अनीता शुक्ला रीना गुप्ता शिवानी सिंह गौतम सदर तहसील अध्यक्ष विनय प्रजापति संदीप सेन नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मां बेटे घायल, बेटे की हालत गंभीर



संवाददाता

हरचंदपुर / रायबरेली । थाना क्षेत्र के गोझारी मोड पर उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब बाइक से जा रहे मां बेटे को एक कार ने टक्कर मार दी । बाइक पर बैठे मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें बैंक जा रहे असिस्टेंट मैनेजर ने अपनी कार में बैठाया और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया । जहां से बेटे की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । दरअसल पूरा मामला गोझारी मोड का है । जहां पर लखनऊ की तरफसे आ रही कार ने बाइक से जा रहे मां बेटे को टक्कर मार दी । बेटा विनोद कुमार व उसकी मां राम कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें लखनऊ की तरफ से आ रहे बड़ौदा ग्रामीण के असिस्टेंट मैनेजर निशांत ने अपनी कार से घायल मां बेटे को नजदीकी अस्पताल पहुचाया । जहा बिनोद की हालात को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है ।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने अंकित तिवारी की सुरक्षा के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

फर्रुखाबाद। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने अंकित तिवारी की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के संरक्षक महंत श्री ईश्वरदास ब्रहमचारी जी एवं जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने संगठन के सभी सदस्यों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वी के सिंह और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में अंकित तिवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और धर्म विशेष के लोगों द्वारा दी गई धमकियों के खिलाफविरोध जताया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त था। उन्होंने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें अंकित तिवारी के पक्ष में अपनी बात रखी गई। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद, हिंदू महासभा, बजरंग दल, हिंदू सेना, हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन, और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी शामिल थे। जिलाधिकारी वी के सिंह



और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने आश्वासन दिया कि अभद्र टिप्पणी करने वालों और माहौल खराब करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी, और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें दंडित किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में महंत श्री ईश्वरदास ब्रहमचारी जी, संत रामानुजाचार्य जी, विपिन अवस्थी, विमलेश मिश्रा, कोमल पांडे, अखिलेश मिश्रा, नरेंद्र सोमवंशी, राजेश दीक्षित सहित अन्य कई संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवम अवस्थी, अनमोल दुबे, सुशील सिंह चौहान, ओमेंद्र गुप्ता, संतोष त्रिवेदी, भानु प्रताप, सचिन शर्मा, क्रांति पाठक, नितिन वर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत, और महामंत्री रेखा सिंह भी शामिल थे। इस ज्ञापन से स्पष्ट है कि विभिन्न हिंदू संगठन एकजुट होकर समाज में सुरक्षा और धर्म की रक्षा के प्रति गंभीर हैं।

# उमरा के जायरीनों का वतन वापसी पर किया शानदार इस्तकबाल

## कस्बावासियों ने उमरा के जायरीनों का कई जगह किया स्वागत गले मिल कर दी शुभकामनाएं



संवाददाता, बानपुर (ललितपुर)। आज कस्बा बानपुर से उमरा की यात्रा पर जाने बाले व यात्रा मुकम्मल कर वतन वापसी पर उनकी अगवानी करने हेतू कस्बावासी बस स्टैंड तक आए व शुभकामनाएं दी। आपको बताते चलें कि कस्बे के सम्भ्रांत नागरिक अनीश खान मंसूरी अध्यापक अपनी अहलिया के साथ उमरा यात्रा के लिए गये थे जहां पर उन्होंने मक्का शरीफ में काबा और मदीना शरीफ में गुम्बदे खिजरा की जियारत की। उपरान्त इराक में नजफ अशरफ,कर्बला शरीफ और बगदाद शरीफ में सरकारों की बारगाह में हाजरी दी इसके बाद आज सुबह उनका कस्बा आगमन हुआ इस आशय हेतु कस्बे के सभी वर्गों के लोग उन्हें बधाई देने के लिए पहुंचे और गले मिलकर व उनका मुंह मीठा कराकर शुभकामनाऐं दी। साथ ही उनके रिश्तेदार ,शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी व जब वह बस स्टैण्ड से घर के लिए रवाना हुए तब कस्बावासी रास्ते भर जगह–जगह उनका हार पहनाकर और मीठा मुंह करा कर स्वागत करते रहे। इस यात्रा में वह हवाई जहाज से दिल्ली व दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से रात्रि में ललितपुर व रात्रि विश्राम महरौनी में करने के उपरांत सुबह आज अपने घर आ गये। जिस पर सभी ने उनका इस्तकबाल किया।

# तीन दिवसीय विशाल भंडारा की तैयारियों को लेकर श्रमदानियों कार्यप्रभारियों ने की बैठक

संवाददाता

बांदा। मौनीबाबा धाम में प्रतिवर्ष 15, 16, 17 दिसम्बर को होने वाले तीन दिवसीय विशाल भंडारा की तैयारियां तेज हो गई हैं।

मंगलवार को श्रमदानी कार्यप्रभारियो की आवश्यक बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आगे की रणनीति तय की गई।

प्रत्येक महीने की 5 तारीख को श्रमदानी कार्यप्रभारियो की आवश्यक मासिक बैठक में पूड़ी कार्यशाला, सब्जी कार्यशाला, मालपुआ तथा जलेबी कार्य शालाओं की साफसफाई का कार्य देखते हुए शीघ्र इनकी भट्ठियों को नए तरीके से बनाकर इनकी रंगाई पुताई करने को कहा गया।

आटा मड़ाई कार्यशाला की साफ सफाई तथा आटा भंडारण हेतु बड़े हॉल को चिन्हित किया गया।

विशाल भंडारा में श्रमदान करने वाले श्रमदानियों के रहने वाले आवासों की सफाई, आलू धुलाई तथा कटाई स्थल की साफ सफाई युद्ध स्तर पर जारी करते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा करने की रूपरेखा तैयार की गई।

इसके अलावा नए व पुराने कड़ाहीदारों की सूची बनाकर अगली बैठक तक सभी कड़ाहियों के श्रमदानी कार्यप्रभारियो की निश्चित सूची बनाने का प्रस्ताव किया गया। श्रमदानी कार्यप्रभारियो की अगली बैठक मौनीबाबा धाम में 17 नवम्बर को तय की गई है। जिसमें सभी श्रमदानी कार्यप्रभारियो की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

बैठक में बच्चा सिंह काजीटोला, आनंद स्वरूप द्विवेदी, रघुनंदन सिंह,राजाबाबू सिंह परमार, शिवनायक सिंह परिहार, श्रीपाल सिंह यादव, फूलचंद्र यादव, हरिशरण शर्मा, अरूण सिंह पटेल, मनोज सिंह भदवारी,सुरेश तिवारी, बाला महाराज, सर्वेश तिवारी, बैजनाथ साहू,आलोक मिश्रा, अंकित सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## महिलाओं व पुरुषों ने देहव्यापार के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में किया जोरदार प्रदर्शन

संवाददाता, फर्रुखाबाद। पांचालघाट मोहल्ले में चल रहे देहव्यापार के अवैध धंधे से त्रस्त मोहल्ले के निवासियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई। पतितपावन गंगा के निकट मुस्लिम युवक जुम्मा के कथित दलाली में महिला डॉली के मकान में चल रहे इस अवैध धंधे से मोहल्ले के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया कि यह देहव्यापार पिछले लंबे समय से चल रहा है। जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल खराब हो गया है। महिलाओं और पुरुषों का कहना है कि मोहल्ले में लगातार बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे बच्चों और महिलाओं के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सैकड़ों महिलाओं ने इस काले धंधे के खिलाफसख्त कदम उठाने की मांग करते हुए अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निवासियों ने देहव्यापार को बंद करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अपर जिलाधिकारी प्रजापति ने आश्वासन दिया कि मोहल्ले के लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस अधीक्षक को जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल की जा सके।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने अंकित तिवारी की सुरक्षा के लिए सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, फर्रुखाबाद। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच ने अंकित तिवारी की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के संरक्षक महंत श्री ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी एवं जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने संगठन के सभी सदस्यों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वी के सिंह और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में अंकित तिवारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और धर्म विशेष के लोगों द्वारा दी गई धमकियों के खिलाफ विरोध जताया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों में रोष व्याप्त था। उन्होंने उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें अंकित तिवारी के पक्ष में अपनी बात रखी गई। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद, हिंदू महासभा, बजरंग दल, हिंदू सेना, हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन, और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी शामिल थे। जिलाधिकारी वी के सिंह और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने आश्वासन दिया कि अभद्र टिप्पणी करने वालों और माहौल खराब करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी, और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें दंडित किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में महंत श्री ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी, संत रामानुजाचार्य जी, विपिन अवस्थी, विमलेश मिश्रा, कोमल पांडे, अखिलेश मिश्रा, नरेंद्र सोमवंशी, राजेश दीक्षित सहित अन्य कई संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, शिवम अवस्थी, अनमोल दुबे, सुशील सिंह चौहान, ओमेंद्र गुप्ता, संतोष त्रिवेदी, भानु प्रताप, सचिन शर्मा, क्रांति पाठक, नितिन वर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुमन राजपूत, और महामंत्री रेखा सिंह भी शामिल थे।

## फर्रुखाबाद डिपो की बस ने युवक को मारी टक्कर, युवक हुआ गम्भीर

संवाददाता, शमसाबाद। पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव रजलाम ई में मंगलवार को फर्रुखाबाद की तरफसे फर्रुखाबाद डिपो की तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने घर के सामने सड़क की फुटपाथ के नीचे खड़े ग्राम प्रधान संजीव कुमार को जोरदार से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ग्राम प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि उनके सिर में गंभीर रूप से चोट आई है। परिजन उनको तत्काल उपचार हेतु फर्रुखाबाद ले गए हैं। घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों ने रोडवेज बस को रोक कर चालक की जबरदस्त ढंग से पिटाई कर दी तथा रोडवेज बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष तरुण सिंह भदौरिया ने रोडवेज बस एवं चालक को अपने कब्जे में ले लिया तथा थाने ले आए।

## भाईयों ने अपने भाई भतीजे को मारपीट कर किया लहूलुहान

संवाददाता, फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी विजय कुमार पुत्र रणवीर ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कहा है कि जमीन के बंटवारे को लेकर भाई से विवाद चल रहा है । कल शाम आठ बजे करीब भाई सूरज और अजय सिंह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे मेरे एवं बीच बचाव करने आए पुत्र इंद्रेश को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। दोनों को लाठी डंडों और टकोरे से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया। थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## जिला बार एसोसिएशन निर्वाचन के लिए एल्डर्स कमेटी व चुनाव समिति गठित

संवाददाता, ललितपुर। एल्डर्स कमेटी जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जीवनधर लाल जैन ने अवगत कराया कि मॉडल बायलॉज बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश इलाहाबाद के नियम 8 के अनुसार एल्डर्स कमेटी का पुनर्गठन किया गया, जिसमें जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के वरिष्ठ सदस्य जीवनधर लाल जैन को अध्यक्ष एवं अशोक कुमार रिछारिया, जयकुमार चौधरी, प्रकाशचंद्र जैन, देवेंद्र कुमार जैन को एल्डर्स कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया एवं जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के वर्ष 2024–2025 के जिला बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न कराने के लिए एल्डर्स कमेटी व निवर्तमान अध्यक्षध्महामंत्री के लिए बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाश नारायण देवलिया एड. व सह चुनाव अधिकारी पवन जायसवाल एड., अजय मिश्रा एड., जी.एम. हर्षे एड., कैलाश नारायण एड. को सर्व सम्मति से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक का संचालन जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री महेंद्र जैन ने किया।

## रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन करें

संवाददाता, ललितपुर। जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर गोविन्द नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 08 नवम्बर, 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा । पंजीयन के उपरान्त रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। साथ ही सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलो में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतरू निरूशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपयेध्सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपयेध्सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फेक ई–मेल, एसएमएस या फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सिंचाई बंधु की बैठक 12 को

संवाददाता, ललितपुर। सिंचाई खण्ड के अधिशाषी अभियंता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 12 नवम्बर को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सम्बन्धित अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आह्वान किया है। साथ ही बताया कि बैठक की अध्यक्षता शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष सिंचाई बंधु द्वारा की जायेगी।

# सहारा सातन पुरवा वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने की अमेठी पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से मुलाकात

संवाददाता

अमेठी। त्यौहारों के मद्देनजर में शांति व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता ने अमेठी पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी से मिलकर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। सहारा सातन पुरवा वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी रेहान खान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि पूरी यूपी के अंदर जनपद अमेठी में हिंदू मुस्लिम कौमी एकता को बरकरार रखते हुए अपने – अपने रीति रिवाज से करते हैं। इस व्यवस्था में अमेठी प्रशासन का अहम योगदान है। एक सामाजिक संस्था का सर्वेसर्वा और सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते मेरा परम धर्म बनता है कि मैं उन लोगों से मिलूं और धन्यवाद दूं जो कौमी एकता और शांति बनाए रखने में अपना योगदान देते हैं। इसलिए आज हमने



अमेठी पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह,अमेठी जिलाधिकारी निशा अनंत और उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह से मुलाकात कर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। हमारे साथ हमारी संस्था के सहायक कामरान खान और आकिब खान भी मौजूद रहे। सहारा सातन पुरवा वेलफेयर ट्रस्ट के बारे में बात करते हुए हाजी रेहान खान अशरफी ने कहा कि यह एक ऐसी संस्था है जो गरीबों और असहायों के साथ हमेशा खड़ी रहती है। निर्धन बेटियों की शादी ,दिव्यागों के अंग ,सर्दियों में गरीबों में कंबल वितरण से लेकर तमाम क्षेत्रों में यह संस्था कार्य करती है।

# किसानों के लिए बीज व खाद उर्वरक उपलब्ध : डा मेनका सिंह

संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका ने बताया कि वर्तमान समय में रबी की फसलों की बुआई का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जनपद के किसान भाईयो द्वारा तोरिया, राई ध् सरसो, मटर तथा चना आदि की बुआई प्रारम्भ कर दीजिये। जनपद में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है। जनपद को माह नवम्बर 2024 में निजी क्षेत्र में यूरिया 20922.00 मी0टन, डी0ए0पी0 2797.00 मी0टन, एन0पी0के0 3881.00 तथा सहकारीता क्षेत्र में यूरिया 6812.00 डी0ए0पी0 426.00 मी0टन, एन0पी0के0 20:20: 0:13, 225.00 मी0टन, सभी उर्वरक बिक्री केन्द्रो पर उपलब्ध है, साथ हर इस सप्ताह प्रिपोजिसनिंग से 500.00 मी0टन, डी0ए0पी0 समितियों कों आवंटन किया



जायेगा। ताकि किसानों को बुआई हेतु प्रयाप्त मात्रा में उर्वरक उपल्ब्ध हो रहे तथा अन्तराज्जीय सीमाओं पर सचल दल का गठन किया गया है। जिससे सीमाओं पर निरन्तर निगरानी किया जा रहा है तथा विभागीय पोर्टल पर उर्वरको के उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयो से अपील की है कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही व खतौनी के अनुसार अपने नजदीकी निजी व सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से उर्वरक प्राप्त करे। साथ ही किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि तिलहनी फसलो की बुवाई के समय सिंगल सुपर फास्फेट ध् एन0पी0के0 20:20:0:13 का प्रयोग करे। जिससे तिलहनी फसलो को फास्फोरस के साथ सल्फर की आवश्यकता की पूर्ति भी हो सके। इसी प्रकार दलहनी फसलो मे एन0पी0के0 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग करे, जिससे उत्पादन में अधिक वृद्धि प्राप्त की जा सके। साथ ही उर्वरक क्रय करने मे किसा प्रकार की समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 8317015135 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसका निस्तारण तत्कालिक रूप से किया जायेगा।

## एसएसपी बरेली के पीआरओ समेत नौ उप निरीक्षक से बने निरीक्षक हुआ प्रमोशन

संवाददाता, बरेली,संवाददाता लादेन मसूरी। शासन से एसएसपी के पीआर ओ समेत जिले के नो उपनिरीक्षक को निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गई है।पुलिस आधिकारियों को एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी को रैंक का प्रतीक चिह्न स्टार लगाकर बधाई दी। उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने वालों में एसएसपी के पीआरओ जितेंद्र कुमार, कोतवाली के एसआई सुभाष कुमार, बिशारतगंज के रूप नारायण सिंह व अरविंद सिंह, शाही के दिलीप कुमार प्रमोशन पाकर नौ उप निरीक्षक से बने निरीक्षक । और भुता के रामवीर सिंह शामिल हैं।

## डाकघर में खातों का सत्यापन जरुरी

संवाददाता, कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में डाकघर सेवरही मे खातो के सत्यापन की अंतिम तिथि 9 नवम्वर 2024 बताया जा रहा है।जिसके सन्दर्भ में दूरभाष पर सहायक डाक अधीक्षक पडरौना विनोद कुमार ने बताया कि विगत काफी दिनों से खातों के सत्यापन का कार्य निरंतर जारी है।फिर भी यदि कोई उपभोक्ता के खातों का सत्यापन अवशेष रह गया है तो उसके लिए अंतिम तिथि 9 नवम्वर2024 तक उप डाकघर सेवरही पहुंच कर अपने खाते का सत्यापन अवश्य करा लेवे।जिसके बाद अनियमितता किसी खाते में है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा और पुरी जिम्मेदारी उपभोक्ता की होगी।

## समेकित प्रोत्साहन योजना से सिनेमाघरों का होगा कायाकल्प

संवाददाता, बहराइच। सहायक आयुक्त राज्य कर खण्ड–1 बहराइच अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जन–सामान्य को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराने, प्रदेश में निवेश व राजस्व वृद्धि के साथ–साथ अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से बन्द या संचालित सिनेमाघरों को यथास्थिति, पूर्ण रूप से तोडकर व्यावसायिक गतिविधियों सहित उन्हे पुनः संचालित करवाने, बन्द अथवा संचालित सिनेमाघरों को रिमॉडल करवाने, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में यथाशीघ्र मल्टीप्लेक्स खुलवाने, मल्टीप्लेक्सध्एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने, संचालित छविगृहों के उच्चीकरण तथा संचालित एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के स्वामियों की समस्याओं के समाधान हेतु शासन द्वारा समेकित प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

## डी.एस.टी. टीम जयपुर-उत्तर द्वारा थाना ब्रह्मपुरी के दो 5000-5000 हजार के इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता, जयपुर,। जयपुर उत्तर की डीएसटी (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) टीम ने थाना ब्रह्मपुरी में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में छह साल से फरार चल रहे दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर–उत्तर राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने बताया कि प्रकरण संख्या 515ध्2018 के तहत धारा 420, 406, और 120बी के अंतर्गत गिर्राज शर्मा और उनकी पत्नी अनीता शर्मा, दोनों पर 5–5 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

## समेकित प्रोत्साहन योजना से सिनेमाघरों का होगा कायाकल्प

संवाददाता, बहराइच। सहायक आयुक्त राज्य कर खण्ड–1 बहराइच अजय कुमार वर्मा ने बताया कि जन–सामान्य को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराने, प्रदेश में निवेश व राजस्व वृद्धि के साथ–साथ अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से बन्द या संचालित सिनेमाघरों को यथास्थिति, पूर्ण रूप से तोडकर व्यावसायिक गतिविधियों सहित उन्हे पुनः संचालित करवाने, बन्द अथवा संचालित सिनेमाघरों को रिमॉडल करवाने, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में यथाशीघ्र मल्टीप्लेक्स खुलवाने, मल्टीप्लेक्सध्एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने, संचालित छविगृहों के उच्चीकरण तथा संचालित एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के स्वामियों की समस्याओं के समाधान हेतु शासन द्वारा समेकित प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

# महिला की सनसनी खेज हत्या का खुलसा, पति ही निकला पत्नी का कातिल

संवाददाता

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के थाना कोतवाली हाटा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नाउमुंडा निवासी गुड्डू यादव पुत्र स्व0 मूरत यादव द्वारा थाना कोतवाली हाटा पर 3 नवंबर को पुलिस को सूचना दिया था कि 03 को उसकी पत्नी रेखा उर्फशिवानी उम्र करीब 34 वर्ष की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है व शव को धान के खेत में फेक दिया गया है। सूचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली स्थानीय पर मु0अ0सं0– 829ध्2024 धारा 103 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कर लिया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में टीमें गठित कर खुलासे के सख्त निर्देश दिया था। जिसके



क्रम में गठित टीमों द्वारा इलेक्ट्रानिक व मैनुअल साक्ष्य एकत्रित किये गये, सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया तथा अन्य लोगों से पुछताछ के आधार पर ज्ञात हुआ कि मृतका के पति गुड्डू यादव उपरोक्त द्वारा ही घटना को कारित किया गया है। जिसे थाना कोतवाली हाटा द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 248 बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आपसी मतभेद में पत्नी की हत्या

पुलिस द्वारा की गई पूछाताछ में अभियुक्त गुड्डू यादव उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह अपनी पत्नी के कृत्यों से बहुत परेशान हो चुका था। बार–बार पत्नी द्वारा अपशब्दों का प्रयोग कर सम्बोधित किया जाता था, जिसको लेकर आपस में कई बार मार–पीट की घटना भी हुई थी तथा गांव घर में मेरी बहुत बदनामी होने लगी थी। मैं मानसिक रुप से परेशान रहने लगा तथा मैने उसको जान से मारने का इरादा बना लिया था। 03 नवंबर को मेरी पत्नी शौच के लिए गयी तो मै भी उसके पीछे–पीछे गया, मौका पाकर मंझरिया माता मंदीर जाने वाले रोड के पास धान के खेत में अपने पास पहले से रखे हुए चाकू से ताबड़तोड़ अपनी पत्नी के ऊपर कई बार वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मुझे कुछ लोगों द्वारा देख लिया गया था जिनके द्वारा शोर करने पर मैं गन्ने के खेत में छिप गया तथा पहने हुए कपड़ों को गन्ने के खेत में छिपाकर अन्धेरे का लाभ लेकर घर आकर कपड़ा बदल कर पुनः घटनास्थल पर पहुँच गया तथा थाने जाकर तहरीर दे कर मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

# नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सम्पन्न हुई कुर्की की कार्यवाही

संवाददाता

बहराइच। न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 द्वारा अन्तर्गत धारा–14 (1) गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बमुकदमा सरकार बनाम देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह जिसमें अभ्युक्ति देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फगब्बर सिंह पुत्र स्व. रामफल सिंह निवासी मोहनपुर माफी थाना पयागपुर जनपद बहराइच हालपता मो. रायमपुर राजा निकट केडिया अस्पताल, जेल रोड थाना कोतवाली देहात स्थित जनपद बहराइच द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित अचल सम्पत्ति मो. रायपुर राजा स्थित मकान संख्या 424 (एम–2) व अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उपरोक्त की पत्नी श्रीमती सारिका सिंह के नाम मकान संख्या 424 (एम–1) भूमि एवं मकानों की जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रू. 1.46,81,269/– को नगर



मजिस्ट्रेट बहराइच को प्रशासक नियुक्त कर कुर्की करने के आदेश दिये गये थे। न्यायालय जिलाधिकारी बहराइच के आदेश दिनांक 21 अक्टूबर 2024 के अनुपालन में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच श्रीमती शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (प्रशिक्षु) सुश्री अंजनी यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रमेश चन्द्र पाण्डेय, तहसीलदार (सदर) अनिरूद्ध कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कुर्की की कार्यवाही सम्पादित की गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुर्की की कार्यवाही के पूर्व डुग्गी पिटवाकर कृत कार्यवाही की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी भी करायी गयी।

# कुंभी चीनी मिल के किसान दिनेश कुमार ने गन्ना क्रय केंद्र व्यासपुर पर गन्ना उतराई मुक्त बैनर लगाए जाने हेतु जिला अधिकारी लखीमपुर को दिया प्रार्थना पत्र

संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिला लखीमपुर खीरी की कुंभी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र व्यासपुर के किसान दिनेश कुमार ने अपने गन्ना क्रय केंद्र व्यासपुर में गन्ना उतराई मुक्त कराया जाने के लिए है जिला अधिकारी लखीमपुर खीरी से प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार जिसमें जिलाधिकारी ने संबंधित गन्ना विभाग के अधिकारियों को गन्ना उतराई मुक्त कराने का आदेश देकर प्रार्थी से कार्रवाई करने का दिया आश्वासन और कहा कि गन्ना क्रय केंद्र पर अगर किसी भी तरह की अवैध गन्ना उतराई वसूली करते हुए जानकारी मिलने पर संबंधित क्रय केंद्र पर उपस्थित गन्ना इंचार्ज पर कार्रवाई की जाएगी ग्राम व्यासपुर के किसान ने अपने हित के लिए नहीं बल्कि गन्ना क्रय केंद्र व्यासपुर गन्ना लाने वाले सभी किसानों के लिए गन्ना उतराई मुक्त कराने हेतु जिला अधिकारी से आग्रह करने के साथ–साथ कहा गया की हमारे गन्ना क्रय केंद्र पर अगर हमारे द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के



माध्यम से सुधार नहीं होता है तो गन्ना क्रय केंद्र व्यासपुर में स्वयं जिला अधिकारी आकर क्रय केंद्र का निरीक्षण करने का कष्ट करें जिससे किसान के द्वारा लिया गया निर्णय किसान भाइयों के कार्य को आगे बढ़ाएं और गन्ना आपूर्ति करने में किसी भी प्रकार की हमारे किसान भाई को समस्या न उठानी पड़े और और गन्ना क्रय केंद्र पर शांति व्यवस्था होने के साथ–साथ नियम पूर्वक गन्ना भरा वाहन को कांटे पर सही तरीके से तुला जाए और गन्ने की तौल करते समय संबंधित गन्ना इंचार्ज कंप्यूटर कांटे को किसान के तरफ मुड़वाकर लगवाएं जिससे अगर कोई भी किसान भाई अपने गन्ना वाहन के साथ अकेला आता है तो वह वाहन पर बैठे–बैठे अपने गन्ने का वजन ट्रैक्टर को अलग करके देख सके जिससे किसान की मेहनत की कमाई की चोरी ना हो सके साथ ही साथ कंप्यूटर के साथ एक गन्ना वजन बताने वाला संयंत्र भी लगाया जाए जिससे जैसे ही गन्ना भरी गाड़ी कांटे पर खड़ी होती है वैसे ही कंप्यूटर एक आवाज की तरह बोले की गन्ना तुलने हेतु गाड़ी तैयार हो चुकी है और आपकी गाड़ी तुल चुकी है कृपया अपनी गाड़ी आगे बढ़ाएं इस तरह का सयंत्र लगाया जाए जो आवाज देकर किसान को अवगत करा सके और इससे किसान को यह भी मालूम हो सके कि हमारे गन्ने का कितना वजन हुआ है यह किसान तब घाटतोली का शिकार हो जाता है जब कांटे के आस पास गन्ना तोलते समय बेवजह लोगों की भीड़ इकट्ठा हो जाती है जिसकी वजह से कांटे पर खड़े गन्ने का वजन किसान नहीं सुन पता है इस बीच गन्ना तौल करने वाले गन्ना इंचार्ज किसान के गन्ने का कुछ हिस्सा दबाकर पर्ची टोकन पर लिख देते हैं।

# पुनरीक्षण कार्यक्रम की विशेष अभियान तिथियों का लाभ उठाएं नागरिक : एडीएम

संवाददाता

बहराइच। अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अन्तर्गत 28 नवम्बर 2024 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। श्री रंजन ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 09 नवम्बर, 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर, 2024 (रविवार), 23 नवम्बर, 2024 (शनिवार) तथा 24 नवम्बर, 2024 (रविवार) कुल 04 विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है। एडीएम श्री रंजन ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों में जनपद के समस्त बूथ लेबल आफिसर पुनरीक्षण से सम्बन्धित फार्म के साथ अपने–अपने मतदेय स्थलों पर पूर्वान्ह 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक उपस्थित रहकर दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करेंगें। पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष अभियान की तिथियों में समस्त सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें। श्री रंजन ने बताया कि विशेष अभियान की तिथियों के अतिरिक्त जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी द्वारा दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। एडीएम श्री रंजन ने जनपद के समस्त अर्ह नागरिकों विशेषकर 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक–युवतियों एवं महिलाओं से अपील की है कि नामावली में नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप–6, मृतक, शिफ्टेड तथा रिपीटेड होने पर निर्वाचक नामावली से नाम काटने के लिए प्रारूप–7 तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन करने के लिए प्रारूप–8 भर कर आवश्यक अभिलेख के साथ सम्बन्धित बूथ लेबल अधिकारी, सुपरवाइजर के पास अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है।

# पूर्ण परियोजनाएं एक सप्ताह में हैण्डओवर करें कार्यदायी संस्थाएं : डीएम

संवाददाता

बहराइच। रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय–समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल रू. 749.04 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 96 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अब तक रू. 456.80 करोड़ की धनराशि का व्यय कर 86



प्रतिशत वित्तीय एवं 63 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपरपज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लाया जाय। समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्य की प्रगति के फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं तथा निर्माण कार्य से सम्बन्धित माइल स्टोन का माहवार लक्ष्य का चार्ट उपलब्ध कराएं, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा की जा सके।

# त्यौहारों पर पुलिस महानिरीक्षक बरेली के निर्देशन में की गयी कड़ी कार्यवाही

संवाददाता

बरेली। डा0 राकेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र,बरेली के निर्देशन में परिक्षेत्रीय जनपदों में धनतेरस,दीपावली व भैयादूज आदि त्यौहारों के संवदेनशीलता के दृष्टिगत दिनांक 29.10.2024 से 04.11.204 तक 07 दिवस का विशेष अभियान चलाकर जनपदों में संवेदनशील स्थानों/होटल/ढ़ाबा/मॉल/सराय/मुख्य चौराहों/सप्ताहिक बाजारोंध्रेलवे स्टेशनों /टैम्पू स्टैण्ड/मंदिर इत्यादि पर फुट पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन ध्वस्तुओं की चेकिंग हेतु सघन अभियान चलाया गया। सघन चौकिंग अभियान में क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के निर्देशन में टीमें गठित की गयी जिनका पर्यवेक्षण सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी द्वारा किया गया तथा उक्त अभियान की मॉनिटरिंग संबंधित जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/



पुलिस अधीक्षक द्वारा की गयी। परिक्षेत्रीय जनपदों में चलाये गये अभियान के दौरान जनपदवार निम्नवत कार्यवाही की गयी: जनपद बरेली द्वारा 1285 स्थानों पर 18227 संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग की गयी। चौकिंग के दौरान 1078 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी। अभियान के दौरान कुल 41 अभियोग पंजीकृत करते हुए 126 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी।अभियान के दौरान 120 लीटर अवैध शराब,10 तमंचा,18 कारतूस,2 चाकू व जुआ में कुल 1लाख 26 हजार रुपये बरामद किये गये। जनपद बदायूं द्वारा 619 स्थानों पर 4384 संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग की गयी। चौकिंग के दौरान 473 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी। अभियान के दौरान कुल 19 अभियोग पंजीकृत करते हुए 33 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी।अभियान के दौरान 78 लीटर अवैध शराब, 05 तमंचा,06 कारतूस, 02 चाकू व जुआ में कुल 25050 रुपये बरामद किये गये। जनपद पीलीभीत द्वारा 890 स्थानों पर 5954 संदिग्ध व्यक्तियों की चौकिंग की गयी। चौकिंग के दौरान 1483 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी। अभियान के दौरान कुल 05 अभियोग पंजीकृत करते हुए 14 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। अभियान के दौरान 01 तमंचा,01 कारतूस, 01 चाकू व जुआ में कुल 15250 रुपये बरामद किया गये।

# इन-सीटू एवं एसएमएएम योजना हेतु चयनित होंगे एफपीओ व सदस्य कृषक

संवाददाता

बहराइच। उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने बताया कि स्थापित सीबीजी प्लान्ट तथा अन्य बायोमॉस आधारित इकाइयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन–सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत एफपीओ एवं एफपीओ के सदस्य कृषकों को एग्रीग्रेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यन्त्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जिले को सामान्य जाति के लिए 03 व अनुसूचित जाति के लिए 01 कुल 04 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत एफपीओ तथा अधिकतम 02 शेयर होल्डर सदस्य भी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना के तहत 01 वर्ष से कार्यरत एफपीओ का एग्रीगेटर के रूप में चयन होने पर फसल अवशेष प्रबन्धन योजना से कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 30.00 लाख पर 80 प्रतिशत) तथा अधिकतक 02 शेयर होल्डर सदस्य को एसएमएएम योजना से व्यक्तिगत कस्टम हायरिंग सेन्टर (परियोजना लागत रू. 10.00 लाख पर 40 प्रतिशत) अनुदान देय होगा। एफपीओ को रू. 30.00 लाख की लागत से 60 हॉर्स पावर का ट्रैक्टर, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, क्राप रीपर व अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन वाले यन्त्र रू. 30.00 लाख तक की लागत का क्रय करना होगा। इसी प्रकार 02 सदस्यों को रू. 10.00 लाख की लागत के ट्रैक्टर एवं ट्राली क्रय करना अनिवार्य होगा। श्री शाही ने बतायष कि सीबीजी प्लान्ट/ आयोगारा यूनिट से पराली एकत्र एवं क्रय करने का एमओयू प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने पर ही एफपीओ चयन हेतु पात्र होगा। फार्म मशीनरी बैंक से लाभान्वित एफपीओ आवेदन के अर्ह नहीं होंगे। उप निदेशक कृषि ने बताया कि लाभार्थी को चयन डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों में से लक्ष्य के अनुसार किया जायेगा। चयन के उपरान्त कृषि विभाग द्वारा विभागीय पोर्टल पर एग्रीग्रेटर के रुप में एफपीओ और उसके चयनित सदस्य कृषक का योजना के आवेदक के रूप में पंजीकरण कराया जायेगा। पंजीकरण के समय उप कृषि निदेशक द्वारा आवेदक का चयन पत्र भी अपलोड किया जायेगा। चयनध्पंजीकरण के पश्चात लाभार्थी द्वारा क्रय किये गये यन्त्रों के बिल अपलोड की व्यवस्था कृषि निदेशालय लखनऊ द्वारा पोर्टल पर की जायेगी। डीडी एग्री ने बताया कि चयन के समय टर्नओवर शेयर होल्डर की संख्या, नियमित रुप से वार्षिक रिटर्न दाखिल न करने वाले एवं भारत सरकारध्कम्पनी रजिस्ट्रार के यहां से प्रतिबन्धित न होने तथा अनियमितता सम्बन्धी कोई वाद न्यायालय में लम्बित न होने वाले एफपीओ को चयन में प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।

# थाना खैरीघाट पुलिस द्वारा सामूहिक दुष्कर्म के वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



संवाददाता

बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा पूर्व से वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये कड़े दिशा निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महसी रवि खोखर के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 05.11.2024 को मु0अ0सं0 722/24 धारा 70(1) बीएनएस में 01 नफर वांछित अभियुक्त को थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो–निर्देशो का पालन करते हुये गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

# हिंदू सभा मंदिर पर हमले के मामले में एक्शन

## कनाडा पुलिस ने 3 को किया गिरफ्तार

(एजेंसी)

भारत ने ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर कथित सिख चरमपंथियों द्वारा किए गए हालिया हमले की कड़ी निंदा की करते हुए इस घटना को गहराई से परेशान करने वाला बताया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने सरकार की गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कनाडाई अधिकारियों से पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने का आग्रह किया। हम कल ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। जायसवाल ने कहा कि हम कनाडा में भारतीय



नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से रोका नहीं जाएगा। व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में पुरुषों के एक हिंसक समूह को मंदिर के बाहर लाठियां लहराते और भक्तों पर हमला करते देखा गया। भीड़ को खालिस्तानी समर्थक समूहों से जुड़े झंडे लिए हुए भी देखा गया।

इस बीच, पील क्षेत्रीय पुलिस ने इस घटना पर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया और उन पर आपराधिक आरोप लगाए। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि गैरकानूनी तरीके के कई कृत्यों की सक्रियता से जांच जारी है। आज की शुरुआत में पील क्षेत्रीय पुलिस ब्रैम्पटन में एक पूजा स्थल पर आयोजित एक प्रदर्शन में मौजूद थी। बाद में इस कार्यक्रम को मिसिसॉगा शहर के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया। इन प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप, तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उन पर आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। उनके कार्यों के लिए। हमारे 21 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो के साथ-साथ 12 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो द्वारा गैरकानूनी कृत्यों की सक्रिय रूप से जांच जारी है। इससे पहले पील क्षेत्रीय पुलिस ब्रैम्पटन में एक पूजा स्थल पर आयोजित प्रदर्शन में मौजूद थी। बाद में इस कार्यक्रम को मिसिसॉगा शहर के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया। इन प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप, तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कार्यों के लिए उन पर आपराधिक आरोप लगाए गए। बयान में कहा गया है, श्हमारे 21 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो के साथ-साथ 12 डिवीजन आपराधिक जांच ब्यूरो द्वारा गैरकानूनी तरीके से किए गए कई कृत्यों की सक्रिय रूप से जांच जारी है।

# भारत की सहायता से श्रीलंका के अस्पताल में निर्मित सर्जिकल यूनिट का उद्घाटन

कोलंबो। श्रीलंका में बट्टिकलोआ टीचिंग हॉस्पिटल में भारतीय अनुदान सहायता के तहत निर्मित सर्जिकल यूनिट का सोमवार को उद्घाटन किया गया। श्रीलंका के पूर्वी प्रांत के प्रमुख सरकारी अस्पताल में निर्मित इस सर्जिकल यूनिट का लाभ लाखों लोगों तक पहुंचेगा। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा और श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव डॉ. पालीथा गुणरत्न महिपाल ने 4 नवंबर को बट्टिकलोआ टीचिंग अस्पताल में नवनिर्मित सर्जिकल यूनिट का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। वार्डों में भर्ती मरीजों और बढ़ती सर्जरी आवश्यकताओं के कारण 2015 के आसपास अस्पताल में एक नए सर्जिकल वार्ड की जरूरत महसूस की गई थी। बयान में कहा गया श्रीलंका सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने नई सर्जिकल यूनिट के निर्माण के लिए सहायता देने पर सहमति व्यक्त की।



परियोजना के लिए भारत से 275 मिलियन श्रीलंकाई रुपये की अनुदान सहायता के लिए फरवरी 2016 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके बाद भारत सरकार ने अतिरिक्त धनराशि प्रदान की, जिससे परियोजना के लिए भारत की कुल प्रतिबद्धता 302 मिलियन रुपये हो गई। उच्चायोग ने बताया कि इस परियोजना के दायरे में 1464 वर्ग मीटर के अनुमानित कुल फ्लोर एरिया के साथ दो मंजिला इमारत का निर्माण शामिल है, जिसमें चार अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर और 10 आईसीयू बेड भी हैं। इसमें आईटी वर्क और मैकेनिकल वर्क के साथ ही विद्युत, जलापूर्ति और जल निकासी प्रणाली जैसे आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शामिल हैं। हालांकि देश में कोविड 19 महामारी और आर्थिक कठिनाइयों ने परियोजना के दौरान कुछ चुनौतियां पेश कीं, मगर भारत अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति पर दृढ़ता से बना रहा और भारत ने अस्पताल के अधिकारियों के अनुरोध पर इस प्रोजेक्ट में कई अतिरिक्त कार्यों को भी मंजूरी दी और उन्हें क्रियान्वित किया। उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव डॉ. महिपाल ने इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार और भारतीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

# भारत के साथ सैनिकों को पीछे हटाने के समझौते का कार्यान्वयन 'सुचारू रूप से' जारी : चीनी विदेश मंत्रालय

(एजेंसी)

बीजिंग । चीन ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में सैनिकों को पीछे हटाने के लिए भारत के साथ समझौते का कार्यान्वयन "इस समय सुचारू रूप से" जारी है, लेकिन इसने देपसांग और डेमचोक में दो टकराव बिंदुओं पर गश्त फिर से शुरू होने के बारे में टिप्पणी नहीं की। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा, "चीनी और भारतीय सैनिक उस समाधान को क्रियान्वित कर रहे हैं जिस पर दोनों पक्ष सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर पहुंचे हैं। यह इस समय सुचारू रूप से जारी है।" हालाँकि, उन्होंने भारतीय सैनिकों द्वारा दो क्षेत्रों में गश्त शुरू किए जाने से संबंधित विशिष्ट प्रश्न का उत्तर नहीं दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता



रणधीर जायसवाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में मीडिया को बताया था कि भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में दूसरे टकराव बिंदु देपसांग में सत्यापन गश्त शुरू कर दी है। पूर्वी लद्दाख में दो टकराव बिंदुओं से भारतीय और चीनी सैनिकों के पीछे हटने के एक दिन बाद शुक्रवार को डेमचोक में गश्त शुरू हो गई थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में कहा था कि पिछले कई हफ्तों की बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है जिससे 2020 में उत्पन्न हुए मुद्दों का समाधान निकलेगा। जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण झड़प के बाद दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संबंध खराब हो गए थे।

# ट्रंप और हैरिस में कांटे की टक्कर

## अमेरिकी इतिहास का सबसे करीबी मुकाबला होगा इस बार का राष्ट्रपति चुनाव

(एजेंसी)


अमेरिका में 47वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान से पहले ताजा सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर देखी जा रही है। हम आपको बता दें कि कमला हैरिस (60) डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं और 78 वर्षीय ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं। चुनाव जीतने के लिए किसी उम्मीदवार को निर्वाचक मंडल के 270 वोट की जरूरत होती है। हालिया सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि चुनाव का फैसला सात राज्यों एरिजोना, नेवादा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलाइना और जॉर्जिया के नतीजों से होगा। इनमें से मिशिगन और पेंसिल्वेनिया 270 के आंकड़े तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'सिएना कॉलेज' के सर्वेक्षणों में पाया गया है कि हैरिस उत्तरी कैरोलाइना और जॉर्जिया में ताकत हासिल कर रही हैं, जबकि ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में उनकी बढ़त का सिलसिला थाम दिया है और एरिजोना में अपनी बढ़त बनाए रखी है।'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार, सर्वेक्षण बताते हैं कि हैरिस अब नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन में मामूली बढ़त पर हैं, जबकि ट्रंप एरिजोना में आगे हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, "सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मिशिगन, जॉर्जिया और पेंसिल्वेनिया में दोनों नेताओं के बीच कांटे की टक्कर है।" सभी प्रमुख राष्ट्रीय और चुनाव के लिहाज से अहम राज्यों में सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाले 'रियल क्लियर पॉलिटिक्स' ने कहा कि ट्रंप और हैरिस के बीच बराबरी की स्थिति है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण में ट्रंप 0.1 प्रतिशत अंक से आगे हैं, जबकि अहम राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति को 0.9 प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल है। 'द हिल' के अनुसार, "राष्ट्रपति पद की दौड़ में कड़ा मुकाबला दिख रहा है और किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बढ़त मिलती नहीं दिख रही।" अपने अंतिम सर्वेक्षण में 'एनबीसी न्यूज' ने कहा कि सर्वेक्षण से पता चलता है कि हैरिस को आमने-सामने के मुकाबले में 49 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है, जबकि ट्रंप को भी इतने ही प्रतिशत यानी 49 प्रतिशत का समर्थन मिल रहा है। समाचार चौनल ने कहा, "सिर्फ दो प्रतिशत मतदाताओं का कहना है कि वे चुनाव को लेकर अनिश्चितता की स्थिति में हैं।श्श् माना जा रहा है कि यह मुकाबला ऐतिहासिक होने वाला है और इतिहास में पिछले कई दशकों में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) के लिए सबसे करीबी मुकाबले के रूप में दर्ज होने वाला है। इस बीच, चुनाव के दिन की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने 2020 के चुनाव की कड़वी यादें ताजा करते हुए कहा है कि उन्हें व्हाइट हाउस नहीं छोड़ना चाहिए था। उनके इस बयान से यह आशंका पैदा हो गई कि अगर वह हैरिस (60) से चुनाव हार गए तो शायद वह पांच नवंबर के मतदान के नतीजे को स्वीकार नहीं करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने पेंसिल्वेनिया के लिटिट्ज में एक रैली में कहा, "मुझे (व्हाइट हाउस से) नहीं जाना चाहिए था। मैं ईमानदारी से कह रहा हूं, क्योंकि... हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था।" हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप ने ताजा सर्वेक्षण को खारिज करते हुए कहा है कि यह डेमोक्रेटिक पार्टी के पक्ष में नहीं है। दूसरी ओर, कमला हैरिस का कहना है कि पूरे देश में अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि लोग नफरत तथा भेदभाव को खत्म करने के लिए और आगे बढ़ने का नया रास्ता तैयार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# ऑफिस से काम नहीं करना चाहते अमेजन के कर्मचारी

## Work from Office नीति का किया विरोध, CEO को भेजा पत्र

(एजेंसी)

टेक दिग्गज अमेजन के कर्मचारियों ने कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कंपनी द्वारा जारी किए गए रिटर्न टू ऑफिस के आदेश के खिलाफ कर्मचारी अपनी लड़ाई लड़ रहे है। विरोध के तौर पर फर्म के 500 से अधिक कर्मचारियों ने अमेजन वेब सर्विसेज यूनिट के सीईओ मैट गार्मन को एक पत्र पर हस्ताक्षर किए है। इस पत्र के जरिए उनसे कर्मचारियों को पूरी तरह से कार्यालय में वापस लाने के अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले गार्मन ने कहा था कि कर्मचारियों को तीन दिन के बजाय पाँच दिन ऑफिस से काम करना होगा। इस घोषणा के बाद से टेक फर्म के



कर्मचारियों में काफी बेचौनी है। इस आदेश का कर्मचारी लगातार विरोध कर रहे है। वहीं 17 अक्टूबर को लिखे पत्र में कर्मचारियों ने कहा, ष्एडब्लूएस और अमेजन के कर्मचारी होने के नाते, जो अपने ग्राहकों की खातिर हर दिन अथक परिश्रम करते हैं और नवाचार करते हैं, हम 17 अक्टूबर को एडब्लूएस ग्लोबल मीटिंग में अमेजन द्वारा 5-दिवसीय इन-ऑफिस जनादेश लागू करने के लिए आपके द्वारा दिए गए गैर-डेटा-संचालित स्पष्टीकरण को सुनकर स्तब्ध हैं। इस पत्र को बिजनेस इनसाइडर ने देखा। समाचार एजेंसी ने बताया कि पत्र में लिखा था, ष्5 दिन की ऑफिस संस्कृति को सख्ती से लागू करके और उन कर्मचारियों को यह बताकर कि जो कंपनी के मिशन में इस विशिष्ट तरीके से योगदान नहीं दे सकते या नहीं देंगे, श्आसपास अन्य कंपनियाँ भी हैं,श् आप आलोचनात्मक दृष्टिकोणों को दबा रहे हैं और ऐसा करके हमारी संस्कृति और हमारे भविष्य को नुकसान पहुँचा रहे हैं। नीति परिवर्तन की घोषणा करते हुए, गार्मन ने कहा कि कंपनी के अधिकांश कर्मचारी उनके निर्णय से सहमत हैं और जो लोग काम पर लौटने के आदेश से सहमत नहीं हैं, वे अन्यत्र रोजगार के अवसर तलाश सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कंपनी के 73 प्रतिशत कर्मचारी अमेजन के हालिया आदेश के बाद नौकरी छोड़ने की योजना बना रहे हैं। अधिकांश कर्मचारियों ने कहा कि वे फर्म के फैसले से 'बेहद असंतुष्ट' हैं।

# ऑरेकल के क्लाउड डिवीजन में हुई छंटनी, सैकड़ों लोग प्रभावित, रिपोर्ट में खुलासा

(एजेंसी)

ओरेकल कॉर्पोरेशन ने छंटनी का एक और महत्वपूर्ण दौर शुरू किया है। इस बार सबसे अधिक प्रभावित ओरेकल क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर डिवीजन हुआ है। एक रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। वीकेंड के समय ही ये रिपोर्ट आई है, जिसमें कह गया है कि ओरेकल कंपनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नौकरी से निकालने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि अब कंपनी सिर्फ ओसीआई से ही कई सौ कर्मचारियों को निकाल सकती है। इस संबंध में बात करने के लिए चौनल फ्यूचर्स ने टिप्पणी के लिए ओरेकल से संपर्क किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बता दें कि अब तक ये जानकारी नहीं मिली है कि छंटनी की संख्या के संबंध में विवरण काफी कम है। एक वेबसाइट द लेऑफ डॉट कॉम की मानें तो एक नवंबर को कुछ उच्च प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को भी निकाला गया है, जिनकी संख्या लगभग 15 बताई गई है। अनुमान लगाया गया है कि ये कंपनी के 15000 कर्मचारियों में से 0.1 प्रतिशत संख्या है। साइट पर अन्य टिप्पणियों ने सुझाव दिया कि छंटनी 15 व्यक्तियों से कहीं अधिक हो सकती है। कुछ कर्मचारियों ने नोट किया कि प्रभावित कर्मचारी ष्2-3 घंटों भीतर स्लैक से गायब हो गएष्। ये जानकारी भी दी गई है कि इन कर्मचारियों को अन्य पदों पर स्थानांतरित करने का अवसर नहीं दिया गया है ब्लाइंड नामक एक गुमनाम पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर, एक टिप्पणीकार ने अनुमान लगाया कि ओसीआई द्वारा कई सौ लोगों की छंटनी की गई है, जिसका असर हाल ही में कॉलेज से स्नातक हुए कर्मचारियों से लेकर वरिष्ठ निदेशकों तक पर पड़ा है। एक टिप्पणीकार ने आरोप लगाया, ष्कंपनी उच्च ख्कुल मुआवजा, कर्मचारियों की छंटनी करने और उनकी जगह कम-लागत वाले कर्मचारियों को नियुक्त करने की कोशिश कर रही है ष् दूसरे ने कहा, ष्इस तरह से इंटेल ने खुद को खत्म कर लिया,ष् जबकि अन्य लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया, क्योंकि पहले ओसीआई को ऐसी कटौती से ष्संरक्षितष् माना जाता था। अब तक की रिपोर्ट्स से पता चलता है कि छंटनी मुख्य रूप से अमेरिका में रहने वाले कर्मचारियों को प्रभावित कर रही है, साथ ही मार्केटिंग कर्मियों के भी प्रभावित होने की अतिरिक्त रिपोर्ट्स हैं। छंटनी का यह नवीनतम दौर ओरेकल द्वारा अन्य नौकरियों में कटौती की घोषणा के लगभग एक महीने बाद आया है, जिसमें अमेरिका, दक्षिणी यूरोप और ईएमईए क्षेत्र के कुछ हिस्सों के कर्मचारी शामिल थे। ब्लाइंड पर छंटनी पर चर्चा करते हुए, ओरेकल कर्मचारी होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने टिप्पणी की, ष्ओरेकल एक विशाल कंपनी है। यह हर महीने छंटनी करती है। इन कटौतियों की आवृत्ति जिस पर विशिष्ट विभाग प्रभावित होते हैं, वह कंपनी के समग्र लक्ष्यों और विभाग के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। कुछ ऑनलाइन अटकलों से पता चलता है कि ओरेकल, अन्य प्रमुख तकनीकी कंपनियों के साथ, इन छंटनी का उपयोग प्रायोजित अमेरिकी पदों को कम करने के लिए कर सकता है जो पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारियों द्वारा भरे गए थे, इन पदों को भारत जैसे कम लागत वाले क्षेत्रों में फिर से भरना। ऐसी भी चर्चा है कि ये कटौती अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बढ़ते तनाव के साथ मेल खाती है।

# भारत का कंप्यूटर बाजार अगले पांच वर्षों में सालाना 5.1ः बढ़ेगा : रिपोर्ट

(एजेंसी)

आजकल कंप्यूटर के बिना कोई काम होना काफी मुश्किल हो गया है। अधिकतर कामों के लिए लोग किसी ना किसी तरह से कंप्यूटर का उपयोग करते है। हर फील्ड में हर जॉब में कंप्यूटर का उपयोग होना आम है। इसी बीच एक रिपोर्ट आई है, जिसमें कहा गया है कि भारत में कंप्यूटर बाजार अगले पांच वर्षों में सालाना 5.1 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। ये रिपोर्ट एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की है। वित्तीय सूचना एवं विश्लेषण फर्म के अनुसार, अगस्त में समाप्त तिमाही में भारत में लैपटॉप का आयात



पिछले वर्ष की तुलना में 10.8 प्रतिशत बढ़ा है, जिसमें एप्पल से जुड़े शिपमेंट का योगदान सबसे अधिक है। यदि भारत में लैपटॉप की असेंबली का विस्तार होता है, तो घटकों का आयात भी बढ़ सकता है, क्योंकि अगस्त 2024 तक 12 महीनों में मुख्य भूमि चीन और हांगकांग में कंप्यूटर घटकों (अर्धचालकों को छोड़कर) का बड़ा आयात होगा।

हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि, ष्इससे सरकार को घटक विनिर्माण के साथ-साथ संयोजन को भी पुनः स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना पड़ सकता है।

# रिलायंस जियो का आईपीओ 2025 में आएगा, भारत का अबतक सबसे बड़ा आईपीओ बन सकता है : रिपोर्ट्स

(एजेंसी)

अरबपति मुकेश अंबानी 2025 में अपने दूरसंचार व्यवसाय जियो के लिए आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की योजना बना रहे है। ये भारतीय उद्योग जगत के लिए बेहद महत्वपूर्ण खबर है। ये जानकारी समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से सामने आई है। इसके काफी बाद में रिलायंस रिटेल के लिए भी आईपीओ लाया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि ये भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है। ये आईपीओ इस वर्ष यानी 2024 के हुंडई इंडिया के रिकॉर्ड 3.3 बिलियन डॉलर के आईपीओ को पीछे छोड़ देगा। रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषकों द्वारा 100 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की कंपनी आईपीओ इसलिए ला रही है क्योंकि उसका मानना है कि 479 मिलियन ग्राहकों के साथ भारत की शीर्ष दूरसंचार कंपनी बनकर उसने स्थिर कारोबार और राजस्व प्रवाह हासिल कर लिया है। हालांकि इसके मूल्यांकन पर अभी तक कोई आंतरिक निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन निवेश बैंक जेफरीज ने इस वर्ष जुलाई में इसका मूल्यांकन 112 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब रिलायंस जियो भारत में लॉन्च होने पर एलन मस्क की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा से मुकाबला करेगी। इससे पहले अंबानी ने अपने डिजिटल, दूरसंचार और खुदरा कारोबार के लिए केकेआर, जनरल अटलांटिक और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी जैसे निवेशकों से सामूहिक रूप से 25 अरब डॉलर जुटाए थे।

# छठ पर लूट! दुबई और मलेशिया जाना सस्ता, लेकिन बिहार जाना हुआ बेहद महंगा!

(एजेंसी)

दिवाली के बाद छठ पूजा के लिए ट्रेन और फ्लाइट टिकटों की मांग बढ़ गई है। हालिया रिपोर्टों के मुताबिक, देशभर से बिहार और झारखंड की उड़ानों के लिए हवाई किराया बढ़ गया है। पटना और दरभंगा के लिए उड़ानों की लागत अब दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के किराए से अधिक है। रिपोर्ट में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और सूरत सहित शहरों से बिहार की उड़ानों के लिए हवाई किराए में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया गया है। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रैवल एजेंट राकेश अरोड़ा ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान किराए में बढ़ोतरी आम बात है, लेकिन इस साल बढ़ोतरी विशेष रूप से भारी है। ऊंची कीमतों के बावजूद, टिकटों की कमी बनी हुई है। दिल्ली और मुंबई से पटना और दरभंगा के लिए उड़ान का किराया 13,000 रुपये से 18,000 रुपये तक है। इसी तरह, 4-6 नवंबर के बीच यात्रा के लिए सूरत से पटना का किराया 13,000 रुपये से 18,000 रुपये तक है। इसकी तुलना में, दिल्ली से दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का किराया वर्तमान में 10,000 रुपये से 20,000 रुपये तक है। आपको बता दें कि छठ पूजा के दौरान, देश भर से हजारों लोग यूपी, बिहार और झारखंड की यात्रा करते है।

मै स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सरोज त्रिवेदी द्वारा के. सी. प्रकाशन प्रा0 लि0 एस-20 यू.पी.एस.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र सरोजनी नगर जिला लखनऊ से मुद्रित कराकर फ्लैट सं. 101 सफायर कोर्ट 3ए, जापलिंग रोड लखनऊ से प्रकाशित।
सम्पादक सरोज त्रिवेदी R.N.I No. UPHIN/2010/36179 Mob: 9451912645 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का चयन रिपोर्टरो/पीआईबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ के अधीन
समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों व समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों/रिपोर्टरों की होगी।

# आईसीएआर-एनबीएफजीआर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन




संवाददाता

लखनऊ। भा-अनुप-एनबीएफजीआर में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के दौरान मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह आज संपन्न हुआ। सप्ताह की शुरुआत संस्थान के निदेशक डॉ. यूके सरकार द्वारा हमारे दिन-प्रतिदिन के कार्य और व्यवहार में भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहने के लिए कर्मचारियों को दिलाई गई शपथ के साथ की गई थी। सप्ताह के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की थीम राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति पर आमंत्रित व्याख्यान, मानव श्रृंखला और वॉकथॉन का आयोजन, ड्राइंग, पोस्टर, निबंध और तत्काल भषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाप् निदेशक डॉ. सरकार ने अपने संबोधन में 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर क्षेत्र में ईमानदारी और अखंडता अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक महेश चंद्र द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक के छात्र जीवन के दौरान नैतिकता और ईमानदारी के मूल्यों को दृढ़ता से विकसित किया जाना चाहिए और हम भारतीयों को अपनी वैश्विक सद्भावना के लिए अपने काम और व्यवहार में ईमानदार होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संयोजन संस्थान के सतर्कता अधिकारी डॉ. बासदेव कुशवाहा ने किया।

# डॉ. राजेश्वर ने सपा प्रमुख को घेरा, कहा डीजीपी चयन को मुद्दा बनाना छोड़ विकास के मुद्दों पर सार्थक बातें करें

❍ सीएम योगी के नेतृत्व में अग्रणी बनी यूपी की कानून व्यवस्था : डॉ. राजेश्वर सिंह

❍ 7 साल में मारे गये 197 दुर्दांत अपराधी, 904 पर एनएसए के तहत हुई कार्रवाई, 68 माफिया गैंग पूरी तरह नष्ट हुए



संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा यूपी डीजीपी चयन की नयी नियमावली की कैबिनेट मंजूरी पर प्रश्न उठाये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। विधायक ने मंगलवार को अपने आधिकारिक एक्स ( ट्विटर) पर लिखा, आदरणीय अखिलेश जी, पहले आपको कार्यवाहक डीजीपी होने पर परेशानी थी, अब नियमित डीजीपी चयन की प्रक्रिया लागू किए जाने पर भी परेशानी है। डॉ. सिंह ने प्रदेश में पुलिस कार्रवाइयों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए आगे लिखा, सीएम योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में यूपी की कानून व्यवस्था प्रत्येक परिस्थित में आदर्श है, पिछले 7 साल में प्रदेश की कानून व्यवस्था अग्रणी बनीं, अप्रैल 2024 तक 10902 इनकाउंटर में 197 अपराधी मारे गए और 6329 अपराधी घायल हुए, 904 अपराधियों के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्रवाई हुई, 68 माफिया गैंग को पूरी तरह नष्ट किया गया। पिछले 4 साल में माफियाओं की 3758 करोड़ से अधिक की संपत्ति ध्वस्त की गयी, 2401 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई, 66575.75 हेक्टेयर अवैध संपत्ति मुक्त कराई गई, अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध 4650 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए। सरोजनीनगर विधायक ने समाजवादी पार्टी के मुखिया को संबोधित करते हुए आगे लिखा, यूपी में डीजीपी चाहे स्थाई हो या कार्यवाहक, अपराधियों - माफियाओं के विरुद्ध यह कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उप्र सरकार द्वारा लागू नयी प्रक्रिया के अंतर्गत डीजीपी चयन के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी गठित होगी, जिसमें यूपीएससी के सदस्य और राज्य लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष सहित 6 महत्वपूर्ण सदस्य होंगे। कृपया प्रदेश हित में विकास के मुद्दों पर सार्थक बातें कीजिए एवं सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाइए और 2027 की तैयारियों पर ध्यान दीजिए।गौरतलब है कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह विभिन्न सामजिक - राजनीतिक विषयों पर अपनी बात मजबूत आंकड़ों के साथ प्रखरतापूर्वक रखने के लिए जाने जाते हैं। डॉ. सिंह ने अखिलेश यादव द्वारा भाजपा पर किये जा रहे राजनीतिक हमलों का भी लगातार प्रभावी आंकड़ों के साथ प्रतिउत्तर दिया है।

# डीसीपी ने किया नवसृजित चौकी का लोकार्पण



संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना अंतर्गत नवसृजित चौकी अस्ति का लोकार्पण मंगल वार को डीसीपी उत्तरी आर एन सिंह द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि अस्ति में पुलिस चौकी की स्थापना से पुलिस की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। साथ ही आम जनमानस में सुरक्षा का बोध होगा डीसीपी ने कहा कि यह चौकी जनपद बाराबंकी सीमा के समीप है, और किसान पथ भी इसी चौकी अंतर्गत लखनऊ बाराबंकी सीमा को जोड़ता है इससे यह और भी संवेदनशील क्षेत्र है । सुरक्षा की दृष्टि से इस चौकी का निर्माण बहुत ही जरूरी था। लोकार्पण कार्यक्रम में एडीसीपी उत्तरी जितेंद्र कुमार दुबे, एसीपी बीकेटी ऋषभ रूणवाल, बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, कैलाश दुबे, महिगवा थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह, सैर पुर थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी, महिला थाना प्रभारी द्वितीय मेनका सिंह, प्रभारी अस्ति चौकी उ.नि. शेष मणि मिश्रा, उ. नि. अभिमन्यु शाह सहित थाने की पुलिस, ग्राम प्रधान वा क्षेत्र के सैकड़ो गढ़ मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में की बैठक

## जनजातीय गौरव दिवस का होगा आयोजन, 15 से 20 नवंबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 नवम्बर, 2024 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति भागीदारी उत्सव का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के सफल आयोजन हेतु समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने एक बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम में जनजातीय जीवन की स्पष्ट झलक आनी चाहिए। इस कार्यक्रम में आने वाले कलाकारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों के अतिरिक्त विदेशों की दो टीमों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति कराया जायेगा। साथ ही जनजातीय कलाकारों के साथ-साथ घुमन्तु जातियों, नट, बीन, बहरूपिया एवं भपंग वादन, कच्ची घोड़ी, लॉगमैन, कठपुतली के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में आदिवासी कलाकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, परिधान, व्यंजन, जनजातीय खेलों के अतिरिक्त आकर्षक शिल्प से सुसज्जित 100 दुकानों का शिल्प मेला लगाया जायेगा। जनजातीय वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति एवं उनकी प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय हस्तशिल्प मेले में फोटो सेशन, लोक नृत्य, लोक कलाओं का अनूठा संगम दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। विभिन्न प्रकार की रंगोली एवं झूले आदि लगाये जाने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ (संस्कृति विभाग), उत्तर प्रदेश अनुजाति एवं जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी एवं जनजाति विकास विभाग, इफ्को, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर 15 से 20 नवम्बर, 2024 तक जनजातीय गौरव दिवस का उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ में आयोजन किया जायेगा।

# अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता, लखनऊ। शासन के आदेशों के क्रम में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों,संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमिध्संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है और लगातार एक के बाद एक बड़ी कार्यवाहियों को अमल में लाया जा रहा है। आज भी कुछ अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध एफआईआर की कार्यवाही को अमल में लाया गया है। ग्राम हरिहरपुर, तहसील सरोजनी नगर जनपद लखनऊ में दीपावली के अवकाश का लाभ उठाकर नगर निगम में निहित भूमि गाटा संख्या 209, 211 व 632 के अंश भाग पर कतिपय प्रॉपर्टी डीलरों ने अपने पेशेवर अंदाज में सरकारी भूमि में अवैध निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया।

# स्वस्थ समाज की स्थापना में डॉक्टरों का महत्वपूर्ण योगदान: मौलाना जहीर अहमद सिद्दीकी

## हयात युनानी मेडिकल कॉलेज में 15 दिवसीय परिचय क्लासेस का शुभारंभ

संवाददाता

लखनऊ। स्वस्थ समाज की स्थापना में डॉक्टरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। लोगों की सेहत की रक्षा और उसकी स्थायित्व की जिम्मेदारी डॉक्टरों के कंधों पर होती है। यह एक सच्चाई है कि जिस समाज में अच्छी और सकारात्मक सोच वाले डॉक्टर होते हैं और सेवा का जज्बा रखते हैं, वह समाज और समुदाय कभी बीमार नहीं होता है। बल्कि मजबूत होता है।यह बातें फाउंडेशन फॉर सोशल केयर के अध्यक्ष मौलाना जहीर अहमद सिद्दीकी ने हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में बीयूएमएस पहले वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित पंद्रह दिनों के अभिवादन समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।एन सी आई एस एम के निर्देशों के अनुसार हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज, लखनऊ में बी यू एम एस पहले वर्ष 2024 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से परिचित कराने के लिए पंद्रह दिनों के समारोह की शुरुआत हुई। इस समारोह में सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अब्बास मुश्ताक की कुरआन की तिलावत और मोहम्मद आदिल की हमद से हुइ।बीयूएमएस पहले वर्ष की विद्यार्थी हुदा रशीद ने विभिन्न विभागों का परिचय दिया। इस मौके पर मौलाना जहीर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि एक स्वस्थ समाज की स्थापना में डॉक्टरों का सबसे महत्वपूर्ण रोल होता है।लोगों की सेहत की रक्षा की जिम्मेदारी डॉक्टरों के कंधों पर होती है।उन्होंने कहा कि इसी लिए विद्यार्थियों को सारे कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए और समाज की सेवा का जज्बा रखना चाहिए। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर



मशहूदू रहमान ने ने नए छात्र छात्राओं एवं उनके साथ आए उनके उनके माता-पिता का स्वागत करते हुए कॉलेज का परिचय कराया और कहा कि छात्र और छात्राएं देश का भविष्य है अगर इन्हें सही दिशा में शिक्षा दी जाएगी। तो यह कल आने वाले समय में समाज और देश के काम आएंगे इसलिए हम सबको उनकी बेहतरी के लिए सोचना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर शमसिया खान एवं डॉक्टर दरखशा अनवर ने कॉलेज के सभी अध्यापक एवं प्रोफेसर का परिचय कराया,कॉलेज के एडमिन हेड जियाउर रहमान सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज के नियम और उसूलों से अवगत कराया और उपेक्षा की कि वह कॉलेज की ओर से दिए गए तमाम दिशा निर्देशों का पालन करेंगे डॉक्टर हिफ्जुर रहमान अध्यक्ष अदविया विभाग ने सभी का धन्यवाद प्रस्तुत किया। फाउंडेशन फॉर सोशल केयर के महासचिव तारीक अनवर खान, खजांची नसीम अख्तर एवं कॉलेज के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जे0पी0 नड्डा से की मुलाकात

❑ उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति पर केंद्र की प्रतिबद्धता, रबी सीजन के लिए विशेष प्रबंध



संवाददाता

लखनऊ। नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जे0पी0 नड्डा से मुलाकात कर आगामी रबी सीजन के लिए राज्य में उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान, उन्होंने मौजूदा दलहनी, तिलहनी और आलू फसलों की बुवाई के साथ-साथ अगले सप्ताह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गेहूं की बुवाई की तैयारी पर विशेष रूप से ध्यान दिलाया। प्रदेश भर में 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर के बीच एकसाथ गेहूं की बुवाई के कार्य को सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता पर जोर दिया गया। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2.34 लाख मी0टन डी0ए0पी0 और 2.63 लाख मी0टन एन0पी0के0 उर्वरक उपलब्ध है। किसानों में बढ़ती डी0ए0पी0 की मांग के मद्देनजर, कृषि मंत्री ने नवम्बर महीने में कम से कम 6 लाख मी0टन डी0ए0पी0 और 2 लाख मी0टन एन0पी0के0 की आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, सहकारिता क्षेत्र के लिए नवम्बर 2024 में 2.50 लाख मी0टन डी0ए0पी0 का विशेष आवंटन, और प्रतिदिन कम से कम 8 रैक फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति पर भी चर्चा हुई। मंत्री शाही ने इफ्को के कांडला प्लांट से पश्चिमी जनपदों के लिए डी0ए0पी0 की शीघ्र आपूर्ति और पूर्वी एवं पश्चिमी बंदरगाहों पर पर्याप्त रैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस पर केन्द्रीय मंत्री जे0पी0 नड्डा ने आश्वासन दिया कि राज्य को उर्वरकों की आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी और किसानों को समय पर उर्वरक मुहैया कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# पीएनबी ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ देशभर में मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024

संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों और इस वर्ष की थीम राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति के अनुरूप, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाया। उद्घाटन समारोह बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित किया गया, जहां पीएनबी के चेयरमैन श्री के.जी. अनंतकृष्णन, पीएनबी एमडी एवं सीईओ श्री अतुल कुमार गोयल, पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण (ईडी) - श्री एम. परमशिवम और श्री बिभु पी. महापात्र, बोर्ड के अन्य निदेशक और पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री राघवेन्द्र कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी विरासत को एकता और ईमानदारीध्सत्यनिष्ठा के प्रणेता के रूप में सम्मानित किया। पीएनबी एमडी और सीईओ श्री अतुल कुमार गोयल ने बैंक की नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सत्यनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ




दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, पीएनबी ने कई आउटरीच और जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया, जिसमें साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) और वॉकथॉन सम्मिलित थे, पीएनबी सीवीओ श्री राघवेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय से झंडी दिखाकर दोनों गतिविधियों का शुभारंभ किया, ताकि भ्रष्टाचार के खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसके अतिरिक्त, स्थानीय अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए निबंध और जिंगल, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता जैसी इन-हाउस प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री राघवेन्द्र कुमार ने बैंक के सोशल मीडिया हैंडल पर अपने संदेश में सतर्कता के विषय और महत्व पर जोर देते हुए कहारू ष्आयोग द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश राष्ट्र के निरंतर विकास के लिए एक आधार के रूप में कार्य करते हैं। इस वर्ष, आयोग ने पांच प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित तीन महीने का एक अभियान शुरू किया जिसमें क्षमता निर्माण कार्यक्रम, व्यवस्थित सुधार के उपायों की पहचान और उनका कार्यान्वयन, परिपत्रों, दिशानिर्देशों और नियमावलियों को अपडेट करना, 30 जून 2024 से पहले प्राप्त शिकायतों का समय पर निपटान और हमारी विशिष्ट डिजिटल उपस्थिति को बढ़ाना सम्मिलित है। पीएनबी ने आयोग के उद्देश्यों के साथ अपनी पहल को संरेखित किया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह राष्ट्र के टिकाऊ विकास का समर्थन करने वाले और एक पारदर्शी प्रणाली को बढ़ावा देने वाले एक मजबूत ढांचे में योगदान करते हुए ईमानदारीध्सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखे।

# अब सीएम तक पहुंचेगा घटिया प्रीपेड मीटर मामला

संवाददाता

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में लगभग 3 करोड़ 45 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा है उसी क्रम में सभी बिजली कंपनियों मे अब तक लगभग 2 लाख 75000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। नियमानुसार केंद्र सरकार की गाइडलाइन के तहत 5 प्रतिशत चेक मीटर जो पुराने मीटर उपभोक्ता के परिसर पर लगे हैं उन्हें स्थापित करना था। लेकिन बडे दुर्भाग्य की बात है कि बिजली कंपनियों की उदासीनता के चलते देश के निजीघरानो ने केवल 350 से 375 ही चेक मीटर अभी तक लगाए जो अपने आप में बहुत गंभीर मामला है।धरातल पर चेक किया जाए तो जो चेक मीटर की संख्या है इसमें भी काफी कमी आएगी। क्योंकि यह भी संख्या सही नहीं है। उपभोक्ता परिषद में एक बडा खुलासा करते हुए कहा पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 275000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए। लेकिन इसमें एक भी मीटर प्रीपेड मोड में नहीं लगाया गया। जबकि भारत सरकार की गाइडलाइन रहती है कि सभी मीटर प्रीपेड मोड में लगाए जाएंगे। जिसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने आज पावर कारपोरेशन के निदेशकों से मुलाकात की और कहां या गंभीर मामला है, कैसे छूट दी जा रही है, क्यों दी जा रही है, यह उपभोक्ताओं के साथ चीटिंग है। दूसरी तरफदेश के निजी घरानों ने केंद्र सरकार मैं अपनी लोविंग करना शुरू कर दिया है कि चेक मीटर उन्हें ना लगाना पडे आदेश बदल जाए। दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद ने भी अपना दबाव बढा दिया है और कहा है हर हाल में केंद्र सरकार की गाइडलाइन के तहत 5 प्रतिसत पुराने मीटर को चेक मीटर के रूप में स्थापित किया जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सरकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा निजी घराने चाहिए जितनी लॉगिन कर ले केंद्र सरकार से यह आदेश बदलने नहीं दिया जाएगा। एक बात तो सिद्ध हो गई की वर्तमान में जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर उत्तर प्रदेश में लगाए जा रहे हैं उनकी बहुत ही घटिया क्वालिटी है। तभी भारत सरकार की गाइडलाइन के निजी घराने उपभोक्ताओं के परिसर पर लगे पुराने मीटर को चेक मीटर के रूप में नहीं स्थापित कर रही है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान

संवाददाता

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डा0 शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में स्टेशन मैनेजरध्गोरखपुर एवं संरक्षा सलाहकारध्लोको की उपस्थिति में गोरखपुर जं0 स्टेशन तथा खलीलाबाद रेलवे निकट समपार सं0 179 स्पेशल पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल यात्रियों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं को रेलवे समपार के प्रयोग को लेकर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सड़क उपयोगकर्ताओं को अनधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने, रेलवे क्रासिंग बन्द होने के उपरांत रेलवे गेटमैन पर समपार खोलने हेतु अनाधिकृत दबाव नही डालने, मवेशियों को रेलवे ट्रैक के नजदीक न चराने, रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने के साथ-साथ रेलवे ट्रैक एवं विद्युतकर्षण पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के संबंध में लगभग 450 को जानकारी प्रदान की गई।